## बजट में युवा व चुनावी राज्यों का ध्यान

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया।

वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर बार नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ। हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति शृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

## अमेरिका ने अपने विमानवाहक पोत की ओर बढ़ रहे ईरानी ड्रोन को मार गिराया: सेना

**वाशिंगटन :** अमेरिकी नौसेना के एक लड़ाकू विमान ने अरब सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन की ओर बढ़ रहे एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी। मंगलवार को ई-मेल के जरिए जारी बयान में सेंट्रल कमांड ने बताया कि ड्रोन आक्रामक तरीके से और अस्पष्ट इरादे के साथ विमानवाहक पोत के करीब आ गया था। बयान के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों की ओर से तनाव कम करने के प्रयास किए जाने के बावजूद ड्रोन जहाज की ओर उड़ता रहा। अमेरिकी सेना ने यह भी कहा कि इससे कुछ घंटे पहले एक अन्य घटना में ईरानी बलों ने हार्मूज जलडमरूमध्य में अमेरिकी ध्वज वाले व्यापारिक पोत को परेशान किया, जिसमें अमेरिकी चालक दल के सदस्य सवार थे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 फरवरी, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष तृतीया, 24:14 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 22:13 तक, योग : अतिगंदा, 25:06 तक, सूर्योदयः 06:14, सूर्यास्तः 17:26, चन्द्रोदय : 19:52, चन्द्रास्तः 07:46, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 11:50 से 13:13

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए व्यापार और धन में वृद्धि का संकेत लेकर आया है। यदि आप अपनी आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

**वृष :** आज का दिन आर्थिक उन्नति और नए अवसरों से भरा रहेगा। आमदनी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

**मिथुन :** आज आप अच्छे खान-पान और आराम का भरपूर आनंद लेंगे। ध्यान रखें निजी मामलों में किसी अजनबी से सलाह लेना नुकसानदायक हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपको सेहत को प्राथमिकता देने का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन नकारात्मक सोच से दूर रहें।

**सिंह :** आज का दिन नई शुरुआत और सफलता का है। धन-धान्य में वृद्धि होगी और कानूनी मामलों में जीत मिलने से मन खुश रहेगा। आपके भीतर कुछ नया करने की ऊर्जा बनी रहेगी।

**कन्या :** व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण रह सकता है। किसी सहयोगी की बात आपको चुभ सकती है, लेकिन संयम रखें।

**तुला :** आज का दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। किसी काम में निराशा हाथ लगने से मन उदास रहेगा। बिना सोचे-समझ निवेश करने से नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन खुशियां लेकर आएगा। मन प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। पुरानी किसी गलती से सीख लेना आज आपके लिए बहुत जरूरी है।

**धनु :** आज मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रह सकता है। कामों में जल्दबाजी करने से गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए धैर्य रखें। नया वाहन खरीदने का योग बन रहा है।

**मकर :** आज का दिन सुख-सुविधाओं में वृद्धि करने वाला है। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। काम के सिलसिले में यात्रा भी संभव है।

**कुम्भ :** आज आप थोड़े मानसिक दबाव में रह सकते हैं और आत्मविश्वास भी कमजोर महसूस होगा। माता जी की सेहत को लेकर सावधानी और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। परिवार में यदि मतभेद हो, तो आप शांतिपूर्वक माहौल संभालने की कोशिश करें।

# शिक्षा का संकट : कोविडोत्तर भारत में शिक्षक, विद्यार्थी और व्यवस्था



**डॉ. त्रिलोकनाथ पांडेय**

भारतीय शिक्षा-व्यवस्था आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ गुरु-शिष्य परंपरा की आत्मा क्षीण होती जा रही है और शिक्षा का स्वरूप धीरे-धीरे व्यापारिक लेन-देन में परिवर्तित हो चुका है। यह कथन कठोर अवश्य प्रतीत हो सकता है, किंतु वास्तविकता यही है कि शिक्षण में वह रस, वह श्रद्धा और वह अनुशासन अब दुर्लभ होता जा रहा है, जो कभी भारतीय समाज की पहचान था।कोविड-19 केवल एक महामारी नहीं थी; उसने शिक्षा के मूल ढाँचे, मूल्यों और व्यवहारों को गहराई से प्रभावित किया। ऑनलाइन शिक्षण ने जहाँ तकनीकी विकल्प प्रदान किए, वहीं उसने विद्यार्थियों को स्क्रीन-आश्रित, एकाग्रताविहीन और अध्ययन-विमुख भी बना दिया। मोबाइल और इंटरनेट आज एक प्रकार की दूसरी वैक्सीन बन चुके हैं, जिनका प्रभाव दीर्घकालिक और चिंताजनक है।आज की कक्षाओं में सबसे गंभीर स्थिति यह है कि विद्यार्थी प्रश्न नहीं करता। न असफल होने का भय शेष है, न अनुशासन का दबाव। कक्षा-कार्य और गृह-कार्य वैकल्पिक बनते जा रहे हैं। इस शैक्षिक उदासीनता पर न अभिभावक गंभीर प्रश्न करते हैं, न समाज और न ही व्यवस्था। -डएठ रिपोर्ट 2023 के अनुसार, कक्षा आठ के लगभग पचास प्रतिशत विद्यार्थी बुनियादी पठन-कौशल से वंचित हैं। यह स्थिति किसी भी शिक्षित राष्ट्र के लिए चेतावनी है।शिक्षक की स्थिति और भी विडंबनापूर्ण हो गई है। आज शिक्षक ज्ञानदाता से अधिक कानून और शिकायतों के भय में जीने वाला कर्मचारी बन गया है। वह न अनुशासन स्थापित कर सकता है और न ही कठोर शैक्षिक अपेक्षाएँ रख सकता है। अधिकारों की जागरूकता बढ़ी है, किंतु उसके साथ उत्तरदायित्व का संतुलन समाप्त होता गया है। कक्षा एक का विद्यार्थी भी जानता है कि शिक्षक की सीमाएँ क्या हैं।परिणामस्वरूप, शिक्षण पेशा आज प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित नहीं कर पा रहा है। सीमित वेतन, सामाजिक असुरक्षा, मानसिक दबाव और घटती प्रतिष्ठा ने इस पेशे को कठिन बना दिया है। कुछ आदर्शवादी अब भी इस क्षेत्र में आते हैं, पर शीघ्र ही यह अनुभव कर लेते हैं कि यह कार्य निरंतर त्याग और सहनशीलता की माँग करता है।इतिहास और वैश्विक अनुभव यह सिद्ध करते हैं कि जिस राष्ट्र में शिक्षक प्रसन्नचित्त, सुरक्षित और सम्मानित होता है, वही राष्ट्र स्थायी प्रगति करता है। फिनलैंड, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में शिक्षक न केवल शिक्षण करता है, बल्कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया का भी महत्त्वपूर्ण हिस्सा होता है। भारत में, इसके विपरीत, शिक्षक प्रायः हाशिये पर खड़ा दिखाई देता है। यह संकट केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र के भविष्य से सीधे जुड़ा हुआ है। भयग्रस्त शिक्षक निर्भीक चिंतन विकसित नहीं कर सकता और उत्तरदायित्वविहीन विद्यार्थी सशक्त नागरिक नहीं बन सकता।समाधान केवल आलोचना में नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना में निहित है। सरकार को नीतिगत स्तर पर शिक्षक की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना होगा। समाज और अभिभावकों को यह समझना होगा कि शिक्षा मात्र सेवा नहीं, बल्कि संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का माध्यम है। शिक्षक को पुनः वह स्थान देना होगा, जो भारतीय परंपरा में सदैव उसका रहा है।यदि अब भी समय रहते इस दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें क्षमा नहीं करेंगी।

# राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता



**ललित गर्ग**

नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया।

यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो।

संसद के भीतर अप्रकाशित 'संस्मरण' के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मर्यादा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है।

राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि सच्चाई यह है और सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई।

कांग्रेस की भूमिका पर भी गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। एक समय देश को नेतृत्व देने वाली पार्टी आज बार-बार ऐसे प्रसंगों में उलझती दिखती है, जहां बयानबाजी मुद्दों पर भारी पड़ जाती है। राहुल गांधी एक प्रभावशाली वक्ता हैं, जनभावनाओं को छूने की क्षमता रखते हैं और युवाओं में संवाद स्थापित कर सकते हैं। किंतु यही कारण है कि उनसे अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। बार-बार ऐसे मुद्दे उठाना जिन्हें सत्ता पक्ष राष्ट्रीय एकता के लिए घातक बताता हो, कांग्रेस की छवि को गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में मजबूत करता है। यह धारणा चाहे पूरी तरह सही न हो, लेकिन राजनीति में धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है जितना तथ्य। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो परिपक्व लोकतंत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए अलग-अलग संसदीय समितियां, बंद सत्र और संस्थागत प्रक्रियाएं होती हैं। सार्वजनिक मंचों पर बयान देते समय नेता प्रायः संकेतों और नीतिगत प्रश्नों तक सीमित रहते हैं, विस्तृत सैन्य विवरणों से परहेज करते हैं। भारत में भी ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगे, परंतु सेना और सुरक्षा संस्थानों की साख को राजनीतिक संघर्ष का अखाड़ा न बनाया जाए। यही संतुलन लोकतंत्र को मजबूत करता है। लेकिन राहुल गांधी पूर्व में भी सैन्य बयानों से न केवल सुरक्षा के लिये खतरा बनते रहे हैं बल्कि हमारे जवानों के मनोबल को भी आहत करते रहे हैं। यह भी सच है कि सरकार को पारदर्शिता से घबराना नहीं चाहिए। यदि विपक्ष किसी पुस्तक, रिपोर्ट या बयान का हवाला देता है, तो उसका संस्थागत और तथ्यपरक उत्तर दिया जाना चाहिए। केवल नियमों के उल्लंघन का हवाला देकर बहस को समाप्त करना भी स्वस्थ परंपरा नहीं कही जा सकती। राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर पूर्ण मौन भी लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व के विपरीत है। अतः दोनों पक्षों को अपनी-अपनी सीमाएं पहचाननी होंगी।

अंततः प्रश्न राहुल गांधी की परिपक्वता का भी है। परिपक्वता का अर्थ चुप रहना नहीं, बल्कि यह समझना है कि कौन-सा प्रश्न कब, कहां और कैसे उठाया जाए। एक राष्ट्रीय नेता से अपेक्षा होती है कि वह भावनात्मक आवेग के बजाय रणनीतिक विवेक से काम ले। इसी तरह विपक्ष की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह संसद को ठप करने के बजाय उसे प्रभावी बहस का मंच बनाए। संसद का स्थगन किसी की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की हार होता है। इस पूरे प्रसंग ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि भारत जैसे विविध और संवेदनशील लोकतंत्र में शब्दों की शक्ति अत्यंत गहरी है। राष्ट्रीय एकता केवल सीमाओं की रक्षा से नहीं, बल्कि जिम्मेदार राजनीति से भी सुरक्षित रहती है। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि क्या तात्कालिक राजनीतिक लाभ दीर्घकालिक विश्वसनीयता से अधिक महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी को यह आत्मविश्लेषण करना होगा कि नेतृत्व केवल सवाल उठाने से नहीं, बल्कि मर्यादित और समयबद्ध विवेक से भी बनता है। और सरकार को यह याद रखना होगा कि सशक्त राष्ट्र वही है जो सवालों से नहीं, बल्कि जवाबों से मजबूत होता है। यदि यह संतुलन स्थापित हो सका, तभी संसद का प्रत्येक सत्र वास्तव में राष्ट्र के हित में सार्थक सिद्ध होगा।

## विदेश की खबरें

### मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत इजराइल में लगाए गए 300 पौधे, यहूदी उत्सव का भी जश्न

**नेवातिम (इजराइल) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत इजराइल के मोशाव नेवातिम में कम से कम 300 पौधे लगाए गए और पर्यावरणीय जागरुकता का पर्व तू बिश्वात भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय दूतावास द्वारा इजराइल की गैर-लाभकारी संस्था केरेन कायमेट लेइजराइल और कृषि आधारित बस्ती मोशाव नेवातिम के सहयोग से किया गया था, जो भारत और इजराइल के बीच पर्यावरणीय स्थिरता, सामुदायिक भागीदारी और लोगों के बीच संबंधों के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के बाद जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इस अवसर पर इजराइल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय के महानिदेशक रामी रोजेन, इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह और बनेई शिमोन क्षेत्रीय परिषद के प्रमुख निर ज़मीर उपस्थित रहे। तीनों ने भारत और इजराइल की पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। राजदूत जेपी सिंह ने कहा, ''तू बिश्वात और 'एक पेड़ मां के नाम' दोनों ही पहलें पेड़ों को सामुदायिक सहभागिता और सतत जीवनशैली के केंद्र में रखती हैं। ये साझा परंपराएं भारत और इज़राइल के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों को दर्शाती हैं तथा यह रेखांकित करती हैं कि हमारे दोनों देश प्रकृति, समुदाय और साझा मूल्यों को कितना महत्व देते हैं।'' उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ये पेड़ भारत-इजराइल मित्रता के स्थायी प्रतीक बनेंगे और इस संबंध को आने वाली पीढ़ियों तक आगे बढ़ाएंगे। सम्मानित अतिथियों ने भारत-इजराइल की मजबूत रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों की धरती माता की रक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। रामी रोजेन ने कहा, ''आज का आयोजन इजराइल और भारत के घनिष्ठ संबंधों का प्रतीक है। दोनों देश विशेष रूप से जलवायु और पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। नवाचार की साझा आकांक्षा के साथ-साथ हम यह भी मानते हैं कि प्रकृति की रक्षा करना जीवन की रक्षा का अभिन्न हिस्सा है।'' मोशाव नेवातिम की स्थापना कोच्चि से आए भारतीय यहूदियों ने की थी और आज भी यहां उनकी विरासत जीवित है, जिसमें पारंपरिक कोचीन शैली में बना एक आराधनालय शामिल है।

### यशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री रुबियो से वाशिंगटन में करेंगे मुलाकात

**न्यूयॉर्क :** विदेश मंत्री एस जयशंकर महत्वपूर्ण खनिजों पर पहली मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले वाशिंगटन में मंगलवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है। रुबियो और जयशंकर मंगलवार दोपहर को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के कार्यालय में मुलाकात करेंगे। जयशंकर दो से चार फरवरी तक अमेरिका की यात्रा पर हैं और वह रुबियो द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में बुधवार को हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि जयशंकर इस यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ भी बैठकें करेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका ने बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास के लिए जंगी जहाज भारत रवाना किया

**जोहानिसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीकी नौसेना का जंगी जहाज 'एसएएस अमाटोला' भारत के लिए एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तैनाती पर रवाना हो गया है, जहां यह भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित 2026 'अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा और अभ्यास मिलन' में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करेगा। रविवार को जहाज के रवाना होने के बाद दक्षिण अफ्रीकी नौसेना ने एक बयान में कहा, ''एसएएस अमाटोला की भारत यात्रा कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है।'' बयान में कहा गया है, ''यह तैनाती दक्षिण अफ्रीका की समुद्री रणनीति के लिए एक अहम पड़ाव है, जो हिंद महासागर क्षेत्र में बहुपक्षीय नौसैनिक सहयोग में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में दक्षिण अफ्रीकी नौसेना की भूमिका की पुष्टि करती है। यह लंबे समय के बाद दूरस्थ तैनातियों की एक संतुलित वापसी को भी दर्शाती है, जिसे सावधानीपूर्वक योजना, अनुशासित प्राथमिकताओं और पेशेवर संकल्प के साथ अंजाम दिया गया है।'' दक्षिण अफ्रीकी नौसेना के अनुसार, इस तैनाती में भारतीय नौसेना की अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (आईएफआर) और अभ्यास मिलन में भागीदारी शामिल है। यह एक बड़ा बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास है, जिसका उद्देश्य आपसी समन्वय, समुद्री सुरक्षा अभियानों और भागीदार देशों के बीच रणनीतिक संवाद को मजबूत करना है। बयान में कहा गया है कि इन आयोजनों में कई देशों की नौसेनाएं भाग लेती हैं और हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और सहयोग की साझा जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

## वर्ग पहेली नं. 3341

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | 13 | | ■ | 14 | | | |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | ■ | | ■ | ■ |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | 20 | | | 21 |
| 22 | | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | | 27 | |
| 28 | | | ■ | | ■ | | ■ | 29 | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) कोशिश, 2) गुलामी, 3) हठ करना, 4) जल्दबाज, 5) बैठक, 8) पनीला; कृश, 11) बलराम, 13) प्रशंसा-गायक; भाट, 15) असतर्क, 16) सुअर, 17) सहारा, 20) एक अंग्रेजी माह, 21) अधीनता में, 23) ठंडा, 24) कृषिउत्पाद, 27) शोरबा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) वीरता, 4) खिन्न, 6) राहगीर, 7) बाष्प, 9) दशरथ का जनक, 10) वक्ता तथा श्रोता के अतिरिक्त किसी मनुष्य का संकेत करनेवाला सर्वनाम, 12) इधर-उधर दौड़ाना, 14) क्रुद्ध, 15) विष्णू का कूर्म, 18) संपूर्ण, 19) यात्रावर्णन, 22) बर्बर; निर्दय, 24) भगोड़ा, 25) दया, 26) इत्यादि, 28) एक पांडव, 29) एक संख्या.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ता | प | ता | ■ | सा | ज़ि | श | ■ | दि |
| धि | ■ | व | र | प | क्ष | ■ | त | स | ल्ली |
| क | फ | न | ■ | ग | र | म | ■ | ह | ■ |
| ■ | ■ | सु | श्री | ला | ■ | ग | जा | न | न |
| नी | य | त | ■ | ■ | बा | र | ■ | शी | ■ |
| ■ | थो | ■ | म | क | ई | ■ | प | ल | क |
| बे | चि | रा | ग | ■ | स | प | ना | ■ | त |
| ग | त | ■ | रू | प | ■ | रा | ह | गी | र |
| म | ■ | ग | र | द | नि | या | ■ | ता | न |

## सुडोकू-पहेली-3299

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | 5 |
| 3 | | | | 2 | | | 9 | |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |
| | 7 | | | | 4 | | | |
| | 3 | | | | | 5 | | 6 |
| | | | | | | | 3 | 2 |
| 7 | 5 | | 8 | | | | | |
| 1 | | 8 | | | 2 | | | |
| | | 2 | 5 | | 9 | | | 8 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3298 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 8 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 |

# ममता के असहयोग के कारण भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हो सका : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हुआ है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस उद्देश्य के लिए भूमि सौंपने में सहयोग नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश से घुसपैठ के जरिए राज्य में जनसांख्यिकीय बदलाव किया जा रहा है और कुछ जगहों पर हिंदू त्योहारों के आयोजन पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा की सरकार बनने पर ही इस पर रोक सुनिश्चित हो सकेगी। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि त्रिपुरा, असम और मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर शत प्रतिशत बाड़बंदी हो जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल में यह काम पूरा नहीं हुआ है। भाजपा विधायक ने कहा कि जब भी सीमा सुरक्षा का मुद्दा उठता है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एवं उनके सहयोगी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों तथा फर्जी पहचान पत्र, राशन कार्ड या पैन कार्ड जब्त किए जाने से जुड़े मामले सामने आते हैं तो तृणमूल कांग्रेस का नेतृत्व बीएसएफ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्र सरकार और भाजपा को दोषी ठहराता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लोगों को झाड़ू और रसोई के बर्तनों से बीएसएफ कर्मियों पर हमला करने के लिए उकसाती हैं और उनके कुछ मंत्री भी बल के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणियां करते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि लोगों को पता है कि सीमा पर कंटीली बाड़ लगाने के लिए जमीन राज्य सरकार को उपलब्ध करानी होगी। भाजपा नेता ने कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार भूमि का अधिग्रहण राज्य सरकार को ही करना होता है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के पिछले सप्ताह के आदेश में पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया गया था कि वह नौ जिलों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के उद्देश्य से पहले से अधिगृहीत उन भूखंडों को 31 मार्च तक बीएसएफ को सौंप दे जिनके लिए राज्य को केंद्र से मुआवजा पहले ही मिल चुका है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र द्वारा बार-बार याद दिलाने और राज्य प्राधिकारियों के साथ बैठकों के बावजूद ममता बनर्जी सरकार ने कंटीली बाड़ लगाने के लिए सीमा पर जमीन नहीं सौंपी है। भाजपा विधायक ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में हाल में कहा था कि बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में अवैध प्रवासियों के आने से केवल यह राज्य प्रभावित नहीं हो रहा बल्कि इससे पूरे देश की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अमित शाह ने लोगों को आश्वासन दिया है कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा की सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सीमा पर 45 दिन में कंटीली बाड़ लगाने का काम पूरा हो जाए।

**✒ आई-पैक छापेमारी विवाद नेता प्रतिपक्ष ने हलफनामे को लेकर ममता पर साधा निशाना**

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 8 जनवरी, जिस दिन छापेमारी हुई थी, उस दिन जो बयान दिए थे, वे अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में किए गए दावों से मेल नहीं खाते। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार इस मुद्दे पर असत्य बयान देती रही हैं और अब वह अपने ही विरोधाभासी बयानों के जाल में फंस गई हैं। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री खुद को जेल जाने के डर से बार-बार अपने ही बयानों का खंडन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हलफनामे में किए गए दावों और 8 जनवरी को कैमरे पर दिए गए बयानों को देखकर कोई बच्चा भी समझ सकता है कि मुख्यमंत्री खुद ही खुद का विरोध कर रही हैं।

## ममता एसआईआर जैसे मुद्दों पर ओछी राजनीति कर रही हैं : शुभेंदु अधिकारी



विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे मुद्दों पर 'ओछी राजनीति' करने का आरोप लगाया और कहा कि बड़ी संख्या में युवा रोजगार के अवसरों के लिए 'पलायन' कर रहे हैं। इस दिन, भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु, पार्टी की युवा शाखा द्वारा आयोजित एक रैली में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। अलीपुर स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय के द्वार के सामने सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए और उन्होंने 'नियोग चाई, भाजपा ताई' (भर्ती हमारी मांग, हमें भाजपा चाहिए) जैसे नारे लगाए। इस दौरान, शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह रैली हजारों युवाओं के लिए स्थायी सरकारी नौकरियों की मांग को लेकर चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान का हिस्सा है। इस रैली में भाग लेने वाले सभी लोग मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। मैं उनकी मांग का समर्थन करने के लिए यहां हूं। भाजपा नेता ने एसआईआर जैसे मुद्दों को लेकर ममता पर ओछी राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कर्मचारी बैंक बनाने और नामांकित लोगों को 1,500 रुपये देने की घोषणा की थी लेकिन पहले दो बार भुगतान करने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान यह बात सामने आई कि आठ लाख युवा नौकरी की तलाश में बंगाल से बाहर चले गए। मुख्यमंत्री अपने ही कुछ मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए भ्रष्टाचार के कारण शिक्षित युवाओं को रोजगार और शिक्षकों की नौकरी की गारंटी भी नहीं दे सकीं।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में फंसे पार्थ को विस की महत्वपूर्ण समितियों में मिली जगह

**✒ विपक्षी दल ने कहा, भ्रष्टाचार के आरोपित को संसदीय समितियों में जगह देना लोकतंत्र के लिए गलत संकेत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में लंबे समय तक जेल में बंद रहने के बाद जमानत पर बाहर आए पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने एक बार फिर सक्रिय राजनीति की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। विधानसभा (विस) की स्थाई समितियों की हालिया प्रशासनिक पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत पार्थ चटर्जी को कई महत्वपूर्ण समितियों का सदस्य मनोनीत किया गया है। बेहाला पश्चिम के विधायक के रूप में उनकी यह नई पारी राज्य के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, पार्थ चटर्जी को प्रतिष्ठित 'लाइब्रेरी कमेटी' के साथ-साथ 'आवास, अग्निशमन और आपदा प्रबंधन' संबंधी स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया है। हालांकि, उनकी इस वापसी पर विपक्षी दलों ने कड़ा ऐतराज जताया है। भाजपा और वामदलों का कहना है कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति को संसदीय समितियों में जगह देना लोकतंत्र के लिए गलत संकेत है। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष इसे एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहा है। विवादों के बीच, पार्थ चटर्जी का फाइलों और संसदीय चर्चाओं में वापस लौटना आगामी विधानसभा सत्रों में हंगामे के नए आसार पैदा कर रहा है।


**Office of the Salboni Block Development Officer**
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
047/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-02.02.2026
e-tender is invited by the B.D.O, Salboni Development Block for 20 Nos civil work under Salboni Development Block
For details pl visit : www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 03.02.2026
Bid Closing date: 12.02.2026
Bid Opening date: 14.02.2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

**Office of the Salboni Block Development Officer**
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
049/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-02.02.2026
e-tender is invited by the B.D.O, Salboni Development Block for a civil work under Salboni Development Block
For details pl visit: www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 03.02.2026
Bid Closing date: 12.02.2026
Bid Opening date: 14.02.2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

**Office of the Salboni Block Development Officer**
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
048/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-02.02.2026
e-tender is invited by the B.D.O, Salboni Development Block for 5 Nos Electrical work under Salboni Development Block
For details pl visit: www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 03.02.2026
Bid Closing date: 12.02.2026
Bid Opening date: 14.02.2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

**CORIGENDUM NOTICE**
**Ref. e-NIT NO.: BDO/e NIT 64/61/2025-26.**
**Ref. Tender ID.- 2026_ZPHD_984405_1 to 4, 2026_ZPHD_984405_6 to 9.**
An e-Tender **(Corrigendum Notice Memo no- 253, Dated- 03.02.2026)** containing eight number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman Closing and Opening date has been extended. **Fund PATHASHREE.**
Bid Submission end on :**-13/02/2026 at 11.00 hours.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman



**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं. डब्ल्यू_एलएलएच_26_2025-26, दिनांक 29.01.2026,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "लिलुआ-सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में शेड के विभिन्न पिलरों पर व्यवस्थित इलेक्ट्रिकल एक्सेसरीज के रेन गार्ड की आपूर्ति, गठन, स्थापना एवं संस्थापन। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.35,17,474.27, **बयाना राशि :** रु. 70,400/-, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 23.02.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**
MISC-384/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**
**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**
सं. सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025 दिनांक 30.01.2026
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101** द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 03 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं. : पार्क-एचडब्ल्यूएच-जेएएन-10आर, नीलामी शुरू होने की तिथि/समय:** 13.02.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. और स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं: (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेआरएई-टीडब्ल्यू-294-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), जौग्राम-III, (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-टीडब्ल्यू-106-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), कटवा-IV, (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-टीडब्ल्यू-279-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), हावड़ा (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-टीडब्ल्यू-282-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), बारुईपाड़ा-II, (5) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीटीआरएच-टीडब्ल्यू-127-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), भातार, (6) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीजीएनए-टीडब्ल्यू-128-26-1 (पार्किंग-टू-व्हीलर), बलगोना, (7) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-केओजी-टीडब्ल्यू-262-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), कोन्नगर-II, (8) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमएक्स-24-24-1 (पार्किंग-मिक्स्ड), रामपुरहाट, (9) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एजीएई-आरडब्ल्यू-297-26-1 (पार्किंग-थ्री व्हीलर), अग्रद्वीप, (10) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आरएसएलआर-आरडब्ल्यू-207-26-1 (पार्किंग-थ्री व्हीलर), रसूलपुर।
HWH-577/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### कांकुलिया कांड में चार और आरोपित गिरफ्तार, 10 फरवरी तक पुलिस हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कांकुलिया इलाके में हुई घटना के सिलसिले में गिरफ्तार चार आरोपियों को मंगलवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने सभी चारों आरोपियों को 10 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का निर्देश दिया। अदालत ने माना कि घटना के पीछे किन लोगों की भूमिका है और हथियार कहां से आए, इसकी गहन जांच के लिए पुलिस हिरासत जरूरी है। इस बीच, रवींद्र सरोवर कांड से जुड़े होने के आरोप में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर राहुल दास उर्फ बाबू शोना (40) और शुभंकर राय उर्फ शुभ (32) को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, राहुल दास कस्बा के जगन्नाथ घोष रोड का निवासी है, जबकि शुभंकर राय लेक थाना क्षेत्र के चटर्जी रोड का रहने वाला है। दोनों पर घटना में सक्रिय रूप से शामिल होने का आरोप है। सरकारी वकील ने अदालत में दावा किया कि इस घटना का मुख्य सरगना हत्या के एक मामले में जमानत पर बाहर है और फिलहाल फरार है। उसकी तलाश जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आग्नेयास्त्रों का स्रोत क्या था। अदालत को बताया गया कि घटना वाले दिन 40 से 50 बाइक सवार लोग पहुंचे थे और अधिकांश के पास हथियार थे। अलीपुर अदालत ने बबलू साहू और इंद्रजीत माझी को 9 फरवरी तक तथा जयंत नस्कर उर्फ सोनू और देवाशीष मंडल को 10 फरवरी तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई संगठित आपराधिक गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

## भाजपा विधायकों ने विधानसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा के लिए बंद कमरे में की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा विधायकों ने आगामी विधानसभा चुनाव के वास्ते प्रचार रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक बंद कमरे में बैठक की। पार्टी के एक विधायक ने बताया कि यह बैठक विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के कमरे में हुई, जहां भाजपा के वरिष्ठ नेता बिप्लब देब भी मौजूद थे। भाजपा विधायक ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि 50 मिनट की इस बैठक में लगभग 60 विधायक मौजूद थे। उन्हें अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रम चलाने के लिए कहा गया। विधायकों से चौबीसों घंटे जमीनी स्तर पर मौजूद रहने का अनुरोध किया गया। देब को बताया गया कि कैसे तृणमूल कांग्रेस सरकार हमें अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्य करने नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि सभी आंतरिक रिपोर्ट में तृणमूल का जनाधार काफी सिकुड़ जाने की बात कही गई है। भाजपा विधायक ने कहा कि हमें भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध की आड़ में पूरे बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा अराजकता फैलाये जाने जैसी समस्याओं को उजागर करने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे विधायकों को सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को डराने-धमकाने के प्रयासों के बारे में लोगों को जागरूक करने की सलाह दी गई थी। बैठक के दौरान, देब ने विधायकों और अधिकारी से स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने विधायकों से कहा कि उन्हें बंगाल की जिम्मेदारी एक महत्वपूर्ण मोड़ पर सौंपी गई है और वह इससे पहले सौंपी गई किसी भी जिम्मेदारी में कभी असफल नहीं हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री देब ने भाजपा विधायकों से कहा कि मुझे पता है कि आपके पूर्ण समर्पण, भागीदारी और समर्थन से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ममता बनर्जी और उनकी सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा ईवीएम में प्रतिबिंबित हो।


**पश्चिम मध्य रेल**
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यो **Tender No. KOTA/SNT/SIG/2025/45** के लिए निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा:- **टेन्डर सं.:** कोटा/ एसएण्डटी/सिग./2025/45, **कार्य का नाम:** एन्हान्सिंग सेफ्टी बाए रिप्लेसिंग डिफेक्टिव वार्न आउट टीएलजेबीस, ट्रेक लिड पाइंट इन्सूलेशन ग्राउण्ड कनेक्शन लॉकिंग बोक्स एण्ड फाउण्डेशन सिगनल असेमबलिस एण्ड फाउण्डेशन इनक्लूडिंग ट्रेन्चीग लेयींग ऑफ केबलस टर्मिनेशन इटीसी इन द सेक्शन ऑफ एडीएसटीई/भरतपुर आन कोटा डिविजन, **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,26,62,856.35, **बयाना राशि:** ₹2,13,300.00, **तारीख एवं समय:** दिनांक 23.02.2026 को 15:00 बजे तक। **नोट:** पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www. ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिए। (हस्ता.)
वरि.मं.सं.एवं दू.सं. इंजी0 (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**ई-निविदा सूचना सं0 :- 27/2025-26 (खुली)/उमुइं।/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर-।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा निरस्त करते है। **क्रम सं.:** 1, **कार्य का नाम:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कारखाना परिसर में विभिन्न शॉपों जैसे फर्निशिंग, फिनिशिंग, शेल, व्हील, बोगी, पेंट शॉप और डिपो एवं एफ.डब्लू.पी. में लीक होने वाली छत की शीट मरम्मत का कार्य दो वर्षों के लिए, **निविदा सं0: 23-2025-26, अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 51,00,002.80, **निविदा खुलने की तिथि:** ₹ 24.02.2026, **कार्य समापन की अवधि:** 24 माह। ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिए पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ● अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर-।
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली आधारित अर्थात टेक्निकल बिड एवं फिनेंसियल बिड खुली निविदा सं.- एमसीएफ/आरबीएल/हाउसकीपिंग/मेक./2025-26 एवं 2026-27/सी674 दिनांक: 28.01.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है- **कार्य का नाम:** कार्यक्षेत्र के अनुसार 600 कार्य दिवसों के लिए शेल शॉप, एसएमएस शॉप, न्यू शेल शॉप, बोगी शॉप, न्यू बोगी शॉप, मशीन शॉप और टूल रूम, मिलराइट, सीएमटी और वेल्डिंग लैब, व्हील शॉप, न्यू व्हील शॉप, डब्ल्यूओसी (यूटिलिटी बिल्डिंग), सहायक सब-स्टेशन ब्लॉक (एएसएस), फायर पंप स्टेशन, पीडीसी, ट्रांसपोर्ट शॉप, डीजल पंप हाउस, गैस वार्ड और एलपीजी गैस वार्ड, शौचालय और मूत्रालय ब्लॉक, वाटर बूथ और साईकिल/वाहन स्टैंड, इंजीनियर ब्लॉक, शेल स्टोर-।।, वार्ड संख्या 58 और 60, स्क्रैप यार्ड की मशीनीकृत सफाई; शेल समूह की विभिन्न दुकानों से कम मूल्य/लकड़ी की पैकिंग/शून्य मूल्य वाले कचरे का पृथक्करण और डंप यार्ड/नामित स्थान पर निपटान; डंप यार्ड में लकड़ी की पैकिंग/शून्य मूल्य वाले स्क्रैप का प्रबंधन; मकड़ी के जाले की सफाई; 10 मीटर की ऊंचाई तक की साइड की दीवारों और खंभों की मशीनीकृत सफाई; मकड़ी के जाले की सफाई (छत की सफाई), **कार्य की अनुमानित लागत (रु.में):** ₹ 13,23,79,104.08, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 10,000.00, **अमानत राशि (रु. में):** ₹ 8,11,900.00, **कार्य की मात्रा:** 600 कार्य दिवस, **कार्य समापन की अवधि:** 24 महीने। ● **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय-** दिनांक- 27.02.2026 को 15:00 बजे। ● निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग
शुद्धि पत्र संख्या-2, दिनांक-29.01.2026

| शुद्धि पत्र | टेंडर नं. Calib-Jig-25-26-176 | निविदा खुलने की तिथि 03.02.2026 के स्थान पर 14.02.2026 पढ़ा जाये। |
|---|---|---|

Website: www.ireps.gov.in कार्य प्रबंधक एम & पी
ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ


## एसआईआर : आज उच्चतम न्यायालय में सुनवाई, मुख्यमंत्री ले सकती हैं भाग



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय में बुधवार को होने वाली महत्वपूर्ण सुनवाई में भाग ले सकती हैं। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ मोस्तरी बानू और टीएमसी सांसदों डेरेक ओ ब्रायन व डोला सेन की तीन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने भी इस मुद्दे पर अलग से याचिका दायर की है। हालांकि, फिलहाल बुधवार की वाद सूची में उनकी याचिका सूचीबद्ध नहीं दिख रही। सूत्रों ने कहा कि एलएलबी की डिग्री धारक मुख्यमंत्री बनर्जी सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी दलीलें पेश कर सकती हैं। उच्चतम न्यायालय ने 19 जनवरी को विभिन्न निर्देश जारी करते हुए कहा था कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी को असुविधा नहीं होनी चाहिए।


**पूर्व रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21/729, दिनांक: 13.01.2026, जो पूर्व में सहायक विद्युत अभियंता/जी/ हावड़ा द्वारा प्रकाशित की गई थी, जिसमें निविदा की समापन तिथि को बढ़ाकर **10.02.2026 को 15.00 बजे** कर दिया गया है। इसका विवरण वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। HWH-580/2025-26
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं. एमसी_डब्ल्यूसी_2500वैगन_आरएसपी_2आर25, दिनांक 29.01.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से "एकल पैकेट प्रणाली" में मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/विवरण:** 01 वर्ष के लिए नैहाटी डिपो में आरओएच कार्य के लिए सभी किस्म के ग्रुप के 2500 वैगनों की मरम्मत। **निविदा मूल्य :** रु.5,70,44,228.65, **बयाना राशि :** रु. 4,35,200/-, **ठेका अवधि :** 01 वर्ष, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 10,000/-, **बोली प्रारंभ करने की तिथि :** दिनांक 07.02.2026, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 21.02.2026 को 11.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 21.02.2026 को 11.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात www.ireps.gov.in (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। SDAH-376/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Name Change**
I, Bushra Khatoon (old name) daughter of Late Md Hasanjan, residing at Ankhauli, Bandhpura, Muzaffarpur, Bihar- 843321, India, have changed my name and shall henceforth be known as Beebi Busara Khatoon (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 03/02/2026. Beebi Busara Khatoon (new name) and Bushra Khatoon (old name) both are same and one identical person.

**Name Change**
I, Nasrin Parween (old name) wife of Khatib Ahmad, residing at 72, Golam Hossain Sardar Lane, Howrah- 711102, P.O.- Shibpur, India, have changed my name and shall henceforth be known as Nasreen Parween (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 03/02/2026. Nasreen Parween (new name) and Nasrin Parween (old name) both are same and one identical person.

**Name Change**
This is to inform that I SUSHIL KUMAR PODDAR S/o LATE PADAM CHAND PODDAR & residing at 58 C , SECTOR A , METROPOLITAN COOPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD , CHINGRIGHATA Kolkata 700105 have changed my name and hence forth be known as SUSHIL PODDAR as declared before first class magistrate Vide affidavit no 1540 dated 28.01.26 SUSHIL KUMAR PODDAR & SUSHIL PODDAR both are same and identical person.



**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सं. 260_2025-26, दिनांक: 02.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। कार्य का विवरण :** बोलपुर (शांतिनिकेतन): एईएन/बीएचपी के कार्यक्षेत्र में बोलपुर में सैंड हम्प सह रिटेनिंग वॉल का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,54,61,514.46, **बयाना राशि :** रु. 2,27,300/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 18.02.2026 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-576/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/क.च.स्टा/ दक्षिण पूर्व रेलवे/सांतरागाछी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य (जीएसटी सहित) और बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) टीआरएस-एसआरसी -ओटी-एलपीएम-26-218,** 180 केवीए एसआईवी/एआरएनओ द्वारा रूपांतरित कैब फेड के साथ डब्ल्यूएपी-4 क्लास इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में बोर्ड माउंटिंग पर प्रत्येक 1750 एलपीएम के 02 लुब्रिकेटेड कम्प्रेसर का प्रावधान, रु. 24,84,955.20, रु. 49,700/- **(2) टीआरएस-एसआरसी -ओटी-बीजी-4ए-2016,** ईएलएस/सांतरागाछी/दक्षिण पूर्व रेलवे के डब्ल्यूएपी4 लोकोमोटिव की 40 बोगियों की मरम्मत/पुनरुद्धार, रु. 67,73,200/-, रु. 1,35,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **खुलने की तिथि:** दिनांक 27.02.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) और दिनांक 02.03.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 2 हेतु)। **समापन अवधि:** 24 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **जमा करने की तिथि:** दिनांक 27.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 हेतु) और दिनांक 02.03.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 2 हेतु)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन, विनिर्देश, शुद्धिपत्र और अपनी बोली जमा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। (PR-1132)


# विधानसभा का बजट सत्र शुरू, कल पेश होगा अंतरिम बजट

**✒ सत्र के पहले दिन दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार को शुरू हुआ। पहले दिन सत्र की शुरुआत दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई और शोक संदेश पढ़े जाने के बाद सदन की कार्यवाही को पांच फरवरी को दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शोक संदेशों को पढ़ा। बुधवार को राज्य में सरकारी छुट्टी के चलते विधानसभा की कार्यवाही नहीं चलेगी। पांच फरवरी, गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ उसी दिन राज्य सरकार द्वारा अंतरिम बजट भी पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने बताया कि पांच फरवरी को दोपहर 12.30 बजे से राज्यपाल सीवी आनंद बोस का संबोधन होगा। इसके बाद, दोपहर 1.25 बजे पारंपरिक धन्यवाद प्रस्ताव होगा। उसके बाद, 2.30 बजे से वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य अंतरिम बजट पेश करेंगी। चट्टोपाध्याय ने आगे बताया कि छह फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में दो घंटे की चर्चा होगी। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी कार्यसूची के अनुसार, उस दिन अभिभाषण पर चर्चा से पहले संसदीय कार्य मंत्री की ओर से विधानसभा के नियम 169 के तहत बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया से लोगों को हो रही परेशानियों पर सदन में एक प्रस्ताव भी पेश किया जाएगा। उस प्रस्ताव पर एक घंटे की चर्चा का समय रखा गया है। अगले दिन सात फरवरी को बजट पर सामान्य चर्चा के साथ वोट ऑन अकाउंट पारित होने की संभावना है। सात फरवरी को राज्य सरकार की ओर से पश्चिम बंगाल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संशोधन बिल 2026 भी पेश किया जाएगा। इस सत्र के करीब एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि बजट सत्र नौ फरवरी को समाप्त होने वाला है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे कुछ और दिनों के लिए बढ़ाया जा सकता है।


**e-Tender Notice**
**Nur Mohammad Smriti Mahavidyalaya**
The Principal, Nur Mohammad Smriti Mahavidyalaya, PO- Dhulian, Dist.- Murshidabad invites percentage rate eTenders. NIT No. NMSM/01/2025-26 dt. 02/02/2026. Information details are available in the website https://wbtenders.gov.in
Sd/-
Principal,
Nur Mohammad Smriti Mahavidyalaya
PO- Dhulian, Dist.- Murshidabad



## कुछ ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें संबंधित स्टेशनों पर नीचे वर्णित समयसूची के अनुसार प्रायोगिक आधार पर रुकेंगी :-

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | समयसूची आ. | समयसूची प्र. | जिस तिथि से ठहराव प्रभावी |
|---|---|---|---|---|
| 12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.02.26) | गोवालपाड़ा टाउन | 06:35 | 06:37 | 07.02.26 |
| 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.02.26) | | 14:38 | 14:40 | 06.02.26 |
| 22511 लोकमान्य तिलक (टी)-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 03.02.26) | न्यू माल जं. | 06:48 | 06:50 | 05.02.26 |
| 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | | 01:03 | 01:05 | 08.02.26 |
| 13175 सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | बसुगांव | 22:10 | 22:12 | 07.02.26 |
| 13176 सिलचर-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.02.26) | | 02:30 | 02:32 | 10.02.26 |
| 15647 लोकमान्य तिलक (टी)-गुवाहाटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.02.26) | फकिराग्राम | 06:25 | 06:27 | 08.02.26 |
| 15648 गुवाहाटी -लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.02.26) | | 19:25 | 19:27 | 10.02.26 |
| 15629 तांबरम-सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.02.26) | गोसाईगाँव हाट | 16:18 | 16:20 | 11.02.26 |
| 15630 सिलघाट टाउन-तांबरम नगांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 13.02.26) | | 19:58 | 20:00 | 13.02.26 |
| 15643 पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | कोकराझार | 00:43 | 00:45 | 09.02.26 |
| 15644 कामाख्या-पुरी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 12.02.26) | | 02:18 | 02:20 | 13.02.26 |

इन ट्रेनों की समयसूची अन्य सभी स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
**पूर्व रेलवे**

# आई-पैक छापे : उच्चतम न्यायालय ने ममता के 'हस्तक्षेप' के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई की स्थगित

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत राज्य सरकार ने कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसर में उसके तलाशी अभियान में बाधा डाली। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले को स्थगित कर दिया। इससे पहले ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि राज्य सरकार ने इस मामले में हलफनामे दाखिल किए हैं और उन्होंने मामले पर समय मांगा। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने 15 जनवरी को कहा था कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री द्वारा ईडी की जांच में कथित 'बाधा डालना बहुत गंभीर' विषय है और इस बात की जांच करने पर सहमति जताई कि क्या किसी राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियां



किसी गंभीर अपराध में केंद्रीय एजेंसी की जांच में हस्तक्षेप कर सकती हैं। उसने आठ जनवरी को राजनीतिक परामर्श कंपनी आई-पैक के परिसर पर छापा मारने वाले एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकियों पर रोक लगा दी। न्यायालय ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर रोक लगाते हुए, राज्य पुलिस को छापेमारी की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। उसने ईडी की उन याचिकाओं पर ममता, पश्चिम बंगाल सरकार, डीजीपी राजीव कुमार और शीर्ष पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी किया था, जिनमें आई-पैक परिसर में छापेमारी में कथित तौर पर बाधा डालने के आरोप में उनके खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का अनुरोध किया था। ईडी ने अपनी याचिका में दावा किया है कि तलाशी स्थल पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति और दस्तावेजों को कथित तौर पर हटाए जाने से अधिकारियों पर डराने वाला प्रभाव पड़ा और इससे संघीय जांच एजेंसी की अपने वैधानिक कार्यों को स्वतंत्र रूप से निर्वहन करने की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हुई।

## चाय बागानों को प्रभावित करने वाले अवैध खनन मामले में एनजीटी की कार्रवाई, रिपोर्ट तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की पूर्वी क्षेत्र पीठ, कोलकाता ने दार्जिलिंग जिले में चाय बागानों को प्रभावित करने वाले अवैध खनन के मामले में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट दाखिल न करने पर पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूबीपीसीबी) को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति शियो कुमार सिंह (न्यायिक सदस्य) और ईश्वर सिंह (विशेषज्ञ सदस्य) की पीठ ने मिश्र आवेदन संख्या 05/2026/ईजेड, मूल आवेदन संख्या 167/2024/ईजेड में की। यह मामला 12 जून 2024 को 'द टेलीग्राफ' में प्रकाशित समाचार थ्रेट



टू टी गार्डन फ्रॉम माइनिंग गैंग के आधार पर स्वतः संज्ञान में लिया गया था। अधिकरण ने 3 जुलाई 2025 के अपने आदेश में कहा था कि यद्यपि कुछ गिरफ्तारियां हुईं, आरोप पत्र दाखिल किए गए और 6 लाख का जुर्माना वसूला गया, लेकिन पर्यावरणीय उल्लंघनों के लिए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का निर्धारण और उसकी वसूली अब तक नहीं की गई है। एनजीटी ने डब्ल्यूबीपीसीबी को निर्देश दिया था कि वह विधि के अनुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की गणना कर उसकी वसूली सुनिश्चित करे और 30 सितंबर 2025 तक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करे। 2 फरवरी 2026 को हुई सुनवाई के दौरान अधिकरण ने पाया कि अब तक कोई अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। इस पर अधिकरण ने डब्ल्यूबीपीसीबी को तीन सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया। दार्जिलिंग के जिला मजिस्ट्रेट को भी अगली सुनवाई से पहले अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च 2026 को निर्धारित की गई है।

## बालीगंज स्टेशन में युवक ने फ्लाईओवर से ट्रेन के सामने कूदकर दी जान दी, जला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह दक्षिण शाखा के बालीगंज स्टेशन पर एक भयानक हादसा हुआ। एक युवक ट्रेन की छत पर गिरने से बुरी तरह जल गया। यह हादसा मंगलवार की शाम करीब 7:30 बजे हुआ। इसके बाद, रेलवे कर्मचारियों ने बिजली की सप्लाई काटकर उस आदमी को बचाया। उसे तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। पता चला है कि उसकी हालत गंभीर है। सूत्रों के मुताबिक, 30 साल के युवक ने कथित तौर पर बालीगंज फ्लाईओवर से ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। हालांकि, वह ट्रेन के सामने नहीं गिरा। इसके बजाय, उसने पैंटोग्राफ को तोड़ दिया और ट्रेन की छत पर गिर गया। वहां मौजूद यात्री चिल्लाने लगे। पता चला है कि बिजली का झटका लगने से युवक का शरीर बुरी तरह जल गया था। जब यह बात रेलवे स्टाफ को पता चली, तो ओवरहेड तार की बिजली सप्लाई काटकर उसे बचाया गया और एसएसकेएम ले जाया गया। उसकी पहचान अभी तक पता नहीं चली है। उसने यह कदम क्यों उठाया? पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस घटना से लाइन पर ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित हो गईं।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत पूरे भारत में होंडा टू-व्हीलर्स खरीदने वाले ग्राहकों को किफायती और सुविधाजनक फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। बैंक अकाउंट एग्रीगेटर द्वारा समर्थित एसटीपी-इनेबल्ड और एनालिटिक्स-आधारित क्विक क्रेडिट निर्णय के साथ डिजिटल रीपेमेंट सॉल्युशन्स भी प्रदान करेगा, जिससे ग्राहकों को एक सहज और सरल फाइनेंसिंग अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, एचएमएसआई डीलरशिप और एयू बैंक की शाखाओं में संयुक्त मार्केटिंग और प्रचार गतिविधियां भी की जाएंगी। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा, होंडा के साथ साझेदारी हमारे मोबिलिटी फाइनेंस विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, एचएमएसआई के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, यह सहयोग पूरे भारत में कस्टमर-सेंट्रिक फाइनेंसिंग को मजबूत बनाने का प्रयास है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से बंगाल की आर्थिक संभावनाओं की बढ़ी उम्मीद

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने बंगाल के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोल दिए हैं। इस समझौते के तहत अमेरिका द्वारा आयात शुल्क में की गई भारी कटौती से राज्य के चमड़ा, फुटवियर, जूट और समुद्री खाद्य जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। औद्योगिक घरानों ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दूरदर्शी कदम करार दिया है। भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ (आइएलपीए) के अनुसार, अमेरिकी टैरिफ का 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत पर आना भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर साबित होगा। आइएलपीए के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर ने कहा कि भारतीय निर्यातक वर्षों से टैरिफ की असमानता के कारण वैश्विक बाजार में पिछड़ रहे थे। अब 18 प्रतिशत की दर भारत को चीन और अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले मजबूती से खड़ा करेगी। गौरतलब है कि 2024 में भारत का चमड़ा और फुटवियर निर्यात 1.26 बिलियन डालर रहा, जो अमेरिकी बाजार की कुल मांग का मात्र 2.9 प्रतिशत है। इस कटौती के बाद भारत की बाजार हिस्सेदारी में व्यापक वृद्धि की संभावना है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं और कुशल कारीगरों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स (आइसीसी) ने भी इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे भारतीय कूटनीति की बड़ी जीत बताया है। जूट उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि दंडात्मक शुल्कों की वापसी से भारतीय जूट उत्पादों, जैसे शापिंग बैग और लाइफस्टाइल उत्पादों की मांग अमेरिका में तेजी से बढ़ेगी। वहीं, समुद्री खाद्य निर्यातकों को उम्मीद है कि इस राहत से वे अपनी प्रसंस्करण इकाइयों को पूर्ण क्षमता के साथ चला सकेंगे। उद्योग जगत अब इस उम्मीद में है कि भविष्य में एक पूर्ण मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होगा, जिससे इन उत्पादों को शून्य शुल्क पर पहुंच मिल सकेगी। यह समझौता न केवल बंगाल की औद्योगिक तस्वीर बदल सकता है, बल्कि 'मेक इन इंडिया' को भी वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान देगा।

## कर्मभूमि एक्सप्रेस का न्यू माल जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव, रेलवे का प्रायोगिक निर्णय

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा 22511/22512 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कर्मभूमि एक्सप्रेस का न्यू माल जंक्शन स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अंतर्गत प्रायोगिक आधार पर लागू की जा रही है। नई व्यवस्था के अनुसार, 3 फरवरी से चलने वाली 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस न्यू माल जंक्शन पर सुबह 06:48 बजे पहुंचेगी। वहीं, 7 फरवरी से चलने वाली 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कर्मभूमि एक्सप्रेस न्यू माल जंक्शन पर रात 01:03 बजे पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, दोनों दिशाओं में यह ट्रेन न्यू माल जंक्शन स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव करेगी। इस अतिरिक्त ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों, विशेषकर उत्तर बंगाल और आसपास के इलाकों के लोगों को लंबी दूरी की यात्रा में बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

## केंद्रीय बजट 2026-27 ने राजकोषीय अनुशासन और सतत विकास की नींव रखी : केयर रेटिंग्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** केयर रेटिंग्स के अनुसार, केंद्रीय बजट 2026-27 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थिर नीतिगत दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जो रिकवरी-आधारित विकास से समेकन और मध्यम अवधि की योजना के चरण में संक्रमण कर रही है। बजट में पूंजीगत व्यय पर जोर और राजकोषीय समेकन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता ने मैक्रोइकोनॉमिक स्थिरता को मजबूत किया है और भारत की विकसित होती क्रेडिट प्रोफाइल का समर्थन किया है। केयर रेटिंग्स के एमडी और ग्रुप सीईओ मेहुल पंड्या ने कहा, बजट न केवल घोषणाओं के पैमाने को दिखाता है, बल्कि स्थिर दृष्टिकोण पर आधारित है। यह स्थिरता, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता पर ध्यान केंद्रित करता है, जो बदलते वैश्विक माहौल में सतत विकास के लिए आवश्यक है। मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता ने कहा कि बजट सभी क्षेत्रों में स्थिर क्रेडिट माहौल को मजबूत करता है। मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने जोड़ा कि राजकोषीय समेकन की नियंत्रित गति विकास और विश्वसनीयता में संतुलन बनाए रखती है।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक सर्विसेज फंड, निवेशकों को सर्विस सेक्टर में अवसर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोटक म्यूचुअल फंड ने अपने नए ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम, कोटक सर्विसेज फंड, के लॉन्च की घोषणा की है। यह फंड मुख्य रूप से सर्विस सेक्टर पर केंद्रित है और निवेशकों को भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था में निवेश करने का मौका देता है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 4 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। सर्विस सेक्टर भारत की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग 55% योगदान करता है और देश की 31.5% आबादी को रोजगार प्रदान करता है। कोटक सर्विसेज फंड स्मॉल कैप, मिड कैप और लार्ज कैप कंपनियों में निवेश करेगा, खासतौर पर उन व्यवसायों में जिनका कैश फ्लो मजबूत हो और लंबी अवधि में अच्छे रिटर्न की क्षमता रखता हो। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट के एमडी निलेश शाह ने कहा, भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। डिजिटल तकनीक, बढ़ती आमदनी और शहरीकरण के कारण लोगों की खरीद और सेवाओं के उपयोग में बदलाव आया है। हमारा लक्ष्य ऐसा पोर्टफोलियो बनाना है जो इन नए अवसरों का फायदा उठाए और निवेशकों को दीर्घकालिक रिटर्न प्रदान करे।

## पुरस्कार विजेता लॉन्गिट्यूड 77 ने कोलकाता लॉन्च के साथ अपना किया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्नोड रिकार्ड इंडिया के प्रीमियम भारतीय सिंगल माल्ट 'लॉन्गिट्यूड 77' ने कोलकाता में आधिकारिक लॉन्च के साथ अपने राष्ट्रीय विस्तार को आगे बढ़ाया। आईटीसी सोनार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शहर के व्हिस्की प्रेमियों और विशिष्ट अतिथियों को भारतीय कारीगरी और वैश्विक विशेषज्ञता के अनूठे संगम का अनुभव कराया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त कर चुके इस सिंगल माल्ट को लंदन स्पिरिट्स कॉम्पिटिशन, द ग्लोबल स्पिरिट मास्टर्सऔर मोंडे सेलेक्शन में स्वर्ण पुरस्कार मिल चुके हैं, जबकि इंटरनेशनल वाइन एंड स्पिरिट्स कॉम्पिटिशन में इसे कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। ये सम्मान इसकी गुणवत्ता और वैश्विक पहचान को रेखांकित करते हैं। लॉन्गिट्यूड 77 को उन विशेषज्ञों ने विकसित किया है, जिनका अनुभव चिवास, द ग्लेनलिवेट और जेम्सन जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स से जुड़ा रहा है। डिंडोरी (नासिक) की जलवायु में अमेरिकन बॉर्बन बैरल और वाइन कास्क में डबल मैच्योरिंग इसकी विशेषता है, जिससे इसमें स्मूद और जटिल स्वाद विकसित होता है। व्हिस्की विशेषज्ञ जिम मुरे ने इसकी संतुलित और परिष्कृत संरचना की सराहना की है। वहीं, मास्टर ब्लेंडर महेश पाटिल ने इसे भारतीय भू-परिस्थितियों और वैश्विक तकनीक के संगम का परिणाम बताया। भारत के 77ओ पूर्वी देशांतर के नाम पर रखा गया यह ब्रांड फिलहाल कई भारतीय राज्यों तथा ड्यूटी फ्री स्टोर्स पर उपलब्ध है और प्रीमियम भारतीय व्हिस्की के लिए नए मानक स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

## सरायघाट एक्सप्रेस का गोलपाड़ा टाउन पर अतिरिक्त ठहराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 12345/12346 हावड़ा-गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस का गोलपाड़ा टाउन स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर लागू की गई है। नई योजना के अनुसार, 12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस 6 फरवरी 2026 से सुबह 06:35 बजे गोलपाड़ा टाउन पहुंचेगी। वहीं, 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस उसी दिन दोपहर 14:38 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन दो मिनट तक रुकेगी। यह अतिरिक्त ठहराव क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में बेहतर कनेक्टिविटी देगा। भविष्य में यात्रियों की प्रतिक्रिया और परिचालन सुविधा के आधार पर इस ठहराव को स्थायी किया जा सकता है।

## डिब्रूगढ़-देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़ा गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा यात्रियों की यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डिब्रूगढ़-देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। डिब्रूगढ़ से रवाना होने वाली ट्रेनों में यह अतिरिक्त कोच 4 फरवरी 2026 से 29 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगा, जबकि देवघर से रवाना होने वाली ट्रेनों में यह कोच 5 फरवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से अधिक भीड़ वाले समय में यात्रियों की सुविधा और यात्रा का आराम बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह पहल लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की लगातार चल रही प्रक्रिया का हिस्सा है।

## ओमदयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 68वां जोनल नासा कन्वेंशन आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओमदयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के आर्किटेक्चर विभाग द्वारा 68वें जोनल नासा कन्वेंशन (जोनासा) का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर छात्रों के लिए देश के प्रमुख सह-पाठ्यक्रम मंचों में से एक माना जाता है, जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की रचनात्मकता और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ आर्किटेक्चर (नासा) इंडिया के 68वें वर्ष (2025-26) के तहत आयोजित यह जोन 4 कन्वेंशन पूर्वी भारत के वास्तुकला छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। जोन 4 में पश्चिम बंगाल, ओडिशा,





बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों के 34 आर्किटेक्चर संस्थान शामिल हैं। इस वर्ष देशभर के संस्थानों को भी भागीदारी का अवसर दिया गया है, जिसमें 500 से अधिक छात्र और पेशेवर प्रतिनिधि शामिल हुए। यह कन्वेंशन पारंपरिक कक्षा शिक्षण से अलग एक लाइव स्टूडियो अनुभव प्रदान करता है, जहां छात्र टीमवर्क, नेतृत्व, समय प्रबंधन और रचनात्मक सोच जैसे कौशल विकसित करते हैं। सम्मेलन में डिजाइन ट्रॉफी और प्रतियोगिताएं जैसे 'रूबेन्स ट्रॉफी', 24 घंटे की डिजाइन प्रतियोगिता (डी24), डिजिटली संचालित 'कहूट्स' और 'डिजाइनोटोपिया' प्रमुख आकर्षण हैं। इसके साथ ही बांस निर्माण तकनीक, पोर्टफोलियो डिजाइन, आर्किटेक्चरल स्टोरीटेलिंग, लैंडस्केप डिजाइन, आपदा-रोधी वास्तुकला और संरक्षण जैसे विषयों पर कार्यशालाएं, मास्टरक्लास और व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर देश-विदेश के प्रख्यात वास्तु विशेषज्ञ जैसे आर्किटेक्ट लॉरेंट फोर्नियर, आर्किटेक्ट उदित मित्तल, तेजस दोशी, डॉ. गौरव दास महापात्रा, दीपांकर गांगुली, डॉ संघमित्र बसु, आर्किटेक्ट सायन चटर्जी, आर्किटेक्ट जय मंडल, आर्किटेक्ट अनुराधा पुरी राठोर, आर्किटेक्ट अयन सेन उपस्थित रहे। ओमदयाल ग्रुप के प्रबंध न्यासी सागर अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह कन्वेंशन केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं, बल्कि डिजाइन उत्कृष्टता, सहयोग की भावना और भविष्य की तैयारी का प्रतीक है।

## माघी पूर्णिमा पर गंगासागर में ओम भवन का विशाल सेवा शिविर, हजारों श्रद्धालुओं को मिला लाभ

**कोलकाता/गंगासागर :** माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा ट्रस्ट (ओम भवन) द्वारा गंगासागर में रोड नंबर-5, कपिल मुनि मंदिर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर भव्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह सेवा शिविर 30 जनवरी से 31 जनवरी रात्रि तक लगातार संचालित होता रहा। शिविर के दौरान लगभग 50,000 से 60,000 श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया गया। इसके अतिरिक्त 3,000 से 4,000 लोगों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई थी। दूर-दराज से आए तीर्थयात्रियों के लिए यह व्यवस्था बड़ी राहत साबित हुई।संस्था की ओर से कंबल, लेडीज सूट, बच्चों के कपड़े, गमछा आदि का वितरण भी किया गया। साथ ही मेडिकल चेकअप एवं निःशुल्क दवा वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। नवंबर माह से निरंतर चल रही



इस सेवा गतिविधि के तहत गंगासागर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की सहायता की जा रही है। ट्रस्ट के ट्रस्टीगण एवं कार्यकर्ताओं का एकमात्र संकल्प है- सेवा, सेवा और सेवा। सभी सदस्यों ने मिलकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस महा-सेवा कार्य को सफल बनाया। इस सेवा कार्य में हर्षद मेहता, ओमप्रकाश अग्रवाल, चंद्रेश मेघानी, मुकेश सेठ, संजय भाई लुहारिवाला, चामचाम भाई, विनय भाई, नरेंद्रजी चांडक, सुशीजी चांडक, नथमलजी सहित दिनेश भाई मेहता, राजू पटेल, पियूष दोशी, अनु बेन, सुरेश भोजानी, मुकेश कमदार, दीपक पारेख और भरत ठक्कर ने सक्रिय योगदान दिया। श्रद्धालुओं ने ओम भवन के इस सेवा प्रयास की सराहना करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया।

## रेलवन ऐप प्रमोशन ड्राइव जारी, डिजिटल रेलवे सेवाओं को बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे की डिजिटल पहल के तहत रेलवन मोबाइल ऐप के लाभ और विशेषताओं को उजागर करने के लिए आयोजित प्रमोशनल ड्राइव मंगलवार को बोलपुर शांतिनिकेतन रेलवे स्टेशन, कटवा कॉलेज और राजा विजय सिंह विद्यामंदिर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अभियान के दौरान रेलवे कर्मचारी यात्रियों के साथ संवाद कर ऐप की सहज कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर रहे थे। रेलवन ऐप में कई रेलवे सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर सरल तरीके से उपलब्ध कराया गया है। यात्रियों को टिकट बुकिंग, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, रियल-टाइम सेवा अपडेट और अन्य आवश्यक यात्रा सुविधाओं के उपयोग की जानकारी दी गई। इस ड्राइव में यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुविधा और कार्यक्षमता की सराहना की। यह पहल भारतीय रेलवे की आधुनिक और पेपरलेस यात्रा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऐसे जागरूकता अभियान डिजिटल सहभागिता को मजबूत करने और यात्रियों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं।




## गाजीपुर फ्रेंड क्लब का लिट्टी-चोखा कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सिटी सेंटर ब्रेबोर्न रोड में गाजीपुर फ्रेंड क्लब के तत्वावधान में लिट्टी-चोखा का एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक नयना बंद्योपाध्याय, पूर्व विधायक व तृणमूल के वरिष्ठ नेता संजय बक्सी, वार्ड 44 की पार्षद रेहाना खातून, सुरेश पांडे, वार्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा, अनिला खान, सोफिया खान, तारकेश्वर दुबे, मो. जाहगीर, सचिन त्रिपाठी, राजीव राय, डॉ. के.के. राय समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों में से दारा सिंह,अनीस सिद्दीकी और मोहम्मद आफताब ने बताया कि संस्था की ओर से यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि शंकर पांडे, विकास शर्मा, संजीत साव, सलीम मिर्जा, आदिल लिघर, तारिक चौहान, असलम हुसैन, सुल्तान अहमद, फैयाज अहमद, रवि साव, राहुल सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## सीडबल्यूबीटीए और कोलकाता पुलिस के संयुक्त संवाद में व्यापारिक चुनौतियों पर विमर्श, फाडा ने चलाया हेलमेट वितरण अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** व्यापारिक समुदाय और कानून प्रवर्तन तंत्र के बीच सुदृढ़ समन्वय का उदाहरण पेश करते हुए कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस (सीडबल्यूबीटीए) ने कोलकाता पुलिस के साथ एक उच्चस्तरीय संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कोलकाता और पश्चिम बंगाल में व्यापार एवं वाणिज्य को प्रभावित करने वाली यातायात और पार्किंग संबंधी समस्याओं पर गंभीर चर्चा करना था।

यह बैठक दोपहर 2 बजे पुलिस ट्रेनिंग स्कूल (पीटीएस), ए.जे.सी. बोस रोड, रेस कोर्स के समीप, कोलकाता में आयोजित हुई। इसमें 260 से अधिक व्यापार संघों के सदस्य, प्रमुख बाजार प्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पुलिस



कर्मियों ने भाग लिया। संवाद मंच ने व्यापारिक और औद्योगिक प्रतिनिधियों को अपनी दैनिक व्यावसायिक चुनौतियों को प्रशासन के समक्ष सीधे रखने का समाधानोन्मुख अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देते हुए फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (एफएडीए) ने अपने सेव लाइफ सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 1,000 हेलमेटों के वितरण को प्रायोजित किया। इस पहल का नेतृत्व एफएडीए अध्यक्ष रोहित चौधरी ने किया, जिनके साथ अभिषेक अग्रवाल, विनय नायर और आदित्य मोडा ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अभियान को उपस्थित सभी वर्गों ने सराहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त-3 शुभंकर सिन्हा सरकार और उपायुक्त (यातायात) वाई. श्रीकांत जगन्नाथराव थे, जिन्होंने सीडबल्यूबीटीए अध्यक्ष सुशील पोद्दार के साथ मंच साझा किया। अपने संबोधनों में अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, पार्किंग प्रबंधन सुधारने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और व्यापारिक संगठनों के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रकाश पारेख और जयंती कुमार जैन शामिल थे। इसके अलावा राजू खंडेलवाल, दिनेश कुमार गंगवाल और प्रदीप लुहारिवाला सहित विभिन्न व्यापार संघों के अनेक पदाधिकारी और प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय ट्रैफिक मैदान के अधिकारी-प्रभारी निलेश चौधरी ने किया, जिनके नेतृत्व में आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। अतिथियों के स्वागत और समन्वय में कमल चंदगोठिया और रोहित चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन सी. के. वरदराजन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कोलकाता पुलिस, गणमान्य अतिथियों, प्रायोजकों और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीडबल्यूबीटीए ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे संवादात्मक और सहयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि व्यापार -अनुकूल समाधान, बेहतर यातायात व्यवस्था और सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित की जा सकें।

# बकरी चोरी की पोल खोली तो ले ली जान, दोस्त की हत्या में दो को आजीवन कारावास



**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के चुंचुड़ा से सनसनीखेज हत्या मामले में अदालत का बड़ा फैसला सामने आया है। बकरी चोरी की जानकारी देने पर युवक की हत्या के दोषी पाए गए दो आरोपियों को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह घटना 12 जुलाई 2021 की है, जब चुंचुड़ा थाना क्षेत्र के नंदी मैदान इलाके से तपन मलिक का शव बरामद हुआ था। मृतक की मां रीता मलिक ने पुचि दास, बिट्टू दास, अनुपम दास और अरुण दास के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बकरी चोरी कर पिकनिक मनाई थी। तपन ने इस चोरी की सूचना बकरी के मालिक को दे दी थी। इसी बात से नाराज़ होकर अनुपम दास और अरुण पासवान ने पहले रास्ते में उसकी पिटाई की। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से वह बच गया, लेकिन उसी रात आरोपी उसे घर से जबरन उठा ले गए। अगली सुबह उसका शव नंदी मैदान से बरामद हुआ। मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान 16 में से 14 गवाहों के बयान दर्ज हुए। सबूतों के अभाव में दो आरोपी बरी कर दिए गए, जबकि अनुपम दास और अरुण पासवान को दोषी करार दिया गया। अदालत ने दोनों को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर छह महीने की अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया पर हाई कोर्ट सख्त, पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस कांस्टेबल भर्ती से जुड़े मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ा निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने 11,749 रिक्त पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पर नाराज़गी जताते हुए विस्तृत सूची जारी करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि लिखित परीक्षा के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए 60,178 अभ्यर्थियों की सूची अब तक अंकों के विभाजन और श्रेणीवार विवरण के बिना प्रकाशित की गई है, जो उचित नहीं है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि 7 दिनों के अंदर अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का पूरा विवरण और श्रेणी आधारित सूची (जैसे पुरुष, महिला, ओबीसी, एससी, होमगार्ड आदि) सार्वजनिक की जाए। साथ ही, राज्य



सरकार को 3 फरवरी तक अदालत में अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने टिप्पणी की कि एसएससी भर्ती विवाद की पृष्ठभूमि में यह मामला राज्य की भूमिका पर संदेह पैदा करता है। यह मामला 2024 की भर्ती अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। अदालत ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता अनिवार्य है।

## पानीहाटी में चोरी के शक में दिव्यांग की पीटकर हत्या, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी इलाके में चोरी के शक में मूक-बधिर युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, एक स्थानीय परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर उस पर गर्म पानी डाला और उसे एसिड पीने के लिए मजबूर किया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान जारी है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान आशिक मंडल (32) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कुछ दिन पहले, आशिक को चोरी के संदेह में पकड़ा गया और उसी इलाके के निवासी बच्चू बरुआ और उसके परिवार के सदस्यों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। उनकी क्रूरता यहीं नहीं रुकी, उन्होंने कथित तौर पर आशिक पर गर्म पानी डाला और उसे तेजाब पीने के लिए मजबूर किया। इस घटना के बाद आशिक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे बचाया और सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा था। इस दौरान आशिक की सोमवार रात मौत हो गई। आशिक की मौत की खबर सुनकर इलाके के निवासी गुस्से में भड़क उठे, जिससे अराजक स्थिति उत्पन्न हो गई। मृतक के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## आनंदपुर अग्निकांड : अधीर चौधरी ने घटनास्थल का किया दौरा, ममता पर बोला हमला

### एनएचआरसी की तीन सदस्यीय टीम ने भी घटनास्थल का किया दौरा, लोगों ने जताई नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को आनंदपुर गोदाम में लगी आग की घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। दूसरी तरफ, कांग्रेस नेता अधीर चौधरी ने भी इस क्षेत्र का दौरा किया। पुलिस के मुताबिक, प्रतिनिधिमंडल सोमवार की दोपहर पश्चिम बंगाल पहुंचा और शाम को उन्होंने दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। मंगलवार को वे आनंदपुर स्थित घटनास्थल पर गए, जहां उन्होंने स्थिति के सभी पहलुओं का जायजा लिया और सबूत जुटाए। इसी बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर चौधरी ने भी घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने इस भयावह घटना के लिए सीधे तौर



पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया, जिसके परिणामस्वरूप 27 लोगों की मौत हुई। हालांकि, पुलिस ने उन्हें आग लगने वाली जगह पर जाने की अनुमति नहीं दी। आनंदपुर गोदाम के बाहर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि कोलकाता के बीचो-बीच इतनी बड़ी घटना घटी है। सत्ताधारी पार्टी के पूर्ण समर्थन के बिना किसी वेटलैंड पर अवैध रूप से कारखाना बनाना असंभव है। उन्होंने सवाल उठाया कि कारखाने में अग्नि सुरक्षा उपायों का अभाव क्यों है और प्रशासन को अभी तक यह जानकारी क्यों नहीं है कि कारखाने का मालिक कौन है या वहां कितने कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के नेताओं की मिलीभगत से नियमों की अनदेखी करते हुए इस तरह का जानलेवा कारखाना बनाया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा आगजनी स्थल का दौरा न करने की आलोचना करते हुए चौधरी ने कहा कि शहर के केंद्र से कुछ ही किलोमीटर दूर इतने सारे लोगों की जान चली गई, फिर भी मुख्यमंत्री ने यहां आने की जहमत तक नहीं उठाई। उन्होंने आज खुद को एक निर्दयी, निर्दयी और क्रूर शासक के रूप में साबित कर दिया है। उन्हें यहां काली पट्टी बांधकर आना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय वह दिल्ली में 'तमाशा' कर रही हैं।

## जानलेवा चाइना मांझे का कहर, श्रीरामपुर में वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर में एक बार फिर प्रतिबंधित जानलेवा चाइना मांझे ने एक वृद्ध की जान पर बन आई। श्रीरामपुर पश्चिम पाड़ा के 65 वर्षीय निवासी निताई पोद्दार चाइना मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल श्रीरामपुर के केयर कंसर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निताई पोद्दार रोज की तरह अपनी दुकान खोलने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे रेल ओवर ब्रिज से गुजर रहे थे, अचानक चाइना मांझा उनके चेहरे में फंस गया। संतुलन बिगड़ने से वे बाइक से गिर पड़े और उनके मुंह पर गहरे घाव हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, पीड़ित के चेहरे पर 15 टांके लगाने पड़े हैं। गंभीर स्थिति को देखते हुए



उन्हें आईसीयू में स्थानांतरित किया गया और फिलहाल मेडिकल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल लाए जाने के समय उनकी हालत बेहद गंभीर थी, हालांकि उपचार के बाद अब स्थिति में कुछ सुधार है और हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उनका आरोप है कि चाइना मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रशासन की उदासीनता इस तरह की जानलेवा घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और प्रभावी निगरानी की मांग की है।

## हुगली के गोघाट में रहस्यमयी जानवर को लेकर दहशत

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के गोघाट इलाके में आखिर कौन-सा जानवर घूम रहा है, इसे लेकर इलाके में कौतूहल और दहशत चरम पर है। घटना की शुरुआत कुछ पैरों के निशान मिलने से हुई। गोघाट के रघुबाटी क्षेत्र के कई गांवों में ग्रामीणों का दावा है कि उन्हें एक विशेष प्रकार के निशान दिखाई दे रहे हैं, जो उनके अनुसार बाघ के पंजों जैसे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार ये निशान नजर आ रहे हैं। रात होते ही इलाके के आवारा कुत्तों का असामान्य रूप से जोर-जोर से भौंकना और चिल्लाना लोगों के डर को और बढ़ा रहा है। कई लोगों का दावा है कि उन्होंने दूर से एक बड़े आकार के जानवर को देखा है, जो बाघ जैसा दिखाई देता है। सूचना मिलने के बाद सोमवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और विभिन्न इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अब तक किसी भी जंगली जानवर का प्रत्यक्ष सुराग नहीं मिला है। इसके चलते स्थानीय लोगों में दहशत अब भी बनी हुई है। यह जानवर बाघ है, फिशिंग कैट है या कोई और, इसे लेकर वन विभाग के कर्मी भी असमंजस में हैं। वन विभाग के अधिकारी अशराफुल इस्लाम ने बताया कि सुबह से ही पूरे इलाके में बारीकी से तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध चीज सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय द्वारा एक स्थान को घेर कर रखा गया था, वहां भी वनकर्मी पहुंचे। झाड़ियों और जंगलों की गहन जांच के बावजूद कुछ भी नहीं मिला, जो निशान मिले हैं, उनसे फिलहाल किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है।

## बेलडांगा हिंसा : एनआईए जांच के हाई कोर्ट आदेश को राज्य ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

कोलकाता/मुर्शिदाबाद : बेलडांगा बरुआ मोड़ पर 17 जनवरी को हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटना की जांच एक बार फिर तेज हो गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को घटनास्थल का दौरा कर मामले में प्रारंभिक साक्ष्य और जानकारी जुटानी शुरू कर दी। उस दिन सड़क जाम को लेकर बड़ा बवाल हुआ था। प्रदर्शन के दौरान बसों में तोड़फोड़ की गई और लंबे समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग-12 अवरुद्ध रहा, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। घटना के बाद कोलकाता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने मामले की जांच एनआईए से कराने का निर्देश दिया था। अदालत के इसी आदेश के आधार पर केंद्रीय एजेंसी ने जांच की जिम्मेदारी संभाली है और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इधर, राज्य सरकार ने हाई कोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राज्य का तर्क है कि एनआईए जांच के निर्देश की कानूनी वैधता और औचित्य पर गंभीर सवाल हैं। ऐसे में अब इस मामले में जांच के साथ-साथ कानूनी लड़ाई भी देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गई है। अब सबकी नजर सुप्रीम कोर्ट की आगामी सुनवाई पर टिकी है, जहां यह तय होगा कि बेलडांगा कांड की जांच किस एजेंसी के हाथ में रहेगी।

### 'डिजिटल साजिश' की जांच में जुटी एनआईए

मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा के पीछे क्या कोई सोची-समझी डिजिटल साजिश थी? इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अब अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। सोमवार को एनआईए के अधिकारियों ने जिले के बहरमपुर स्थित साइबर क्राइम थाने का दौरा किया था। केंद्रीय एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और वीडियो के जरिए तनाव फैलाने में किन तत्वों का हाथ था। सूत्रों के अनुसार, हिंसा के दौरान और उसके बाद इंटरनेट मीडिया पर कई विवादित सामग्रियां साझा की गई थीं। प्राथमिक अनुमान है कि इन संदेशों ने आग में घी डालने का काम किया। एनआईए के जासूस मुख्य रूप से इन पोस्ट के मूल स्रोत और इसके पीछे सक्रिय किसी विशिष्ट नेटवर्क या समूह की भूमिका की पड़ताल कर रहे हैं। सोमवार को साइबर विशेषज्ञों के साथ लंबी बैठक में संदिग्ध आइपी एड्रेस और इंटरनेट मीडिया हैंडल से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा की गई। एनआईए ने स्थानीय पुलिस से घटना के समय के डिजिटल डेटा और अब तक की गई कार्रवाई के दस्तावेज भी लिए हैं। एजेंसी का मानना है कि यह केवल स्थानीय भावनाओं का आवेग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित डिजिटल उकसावा था। फिलहाल, इस पूरी साजिश के 'मास्टरमाइंड' तक पहुंचने के लिए डिजिटल पदचिह्नों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, अलीपुरद्वार में तीन युवकों की मौत

**अलीपुरद्वार :** पुटीमारी इलाके में तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक विशाल बरगद के पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल है। घायल चालक को कूचबिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंगलवार के तड़के करीब 2 बजे कार तेज गति से बारोबिशा की ओर जा रही थी। पुटीमारी इलाके में अचानक चालक का नियंत्रण कार से हट गया और सीधे बरगद के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर तीन टुकड़ों में बंट गई। कार में सवार तीन युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज आवाज़ सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही शामुकतला रोड चौकी की पुलिस ओसी संजीव मोदक के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। खून से लथपथ युवकों को अलीपुरद्वार जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। चालक की हालत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक इलाज के बाद कूचबिहार रेफर किया गया। तीनों मृतक अलीपुरद्वार और आसपास के इलाकों के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि चालक नशे की हालत में था या वाहन में कोई तकनीकी खराबी थी। शामुकतला रोड चौकी के ओसी संजीव मोदक ने बताया कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के कर्मचारियों के निलंबन के खिलाफ छठे दिन विरोध सभा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्पलाइज एसोसिएशन की तरफ से 9 कर्मचारियों के निलंबन पर अस्पताल परिसर के बाहर छठा दिन विरोध सभा आयोजित की गई। इस विरोध सभा में अस्पताल मैनेजमेंट के द्वारा कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद महेश शर्मा, स्वपन बर्मन, राज गृह सिंह, ममता सिंह, प्रभात तिवारी, त्रिभुवन कुमार मिश्र, अमर पाण्डेय, बागेश मिश्रा, विकास यादव, स्वयं प्रकाश राय, पिंकी सिंह, संदीप सिंह, बाबू नंद पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, मुन्ना मंडल, प्रेम कुमार सिंह, रवि शर्मा, मुन्ना महतो, उदय यादव, संजय सिंह, अजित साह, मुनेश पांडेय, गोविंद सिंह, सत्येन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, अरूण सिंह, प्रदीप मिश्र, बिजेंद्र प्रसाद सिंह, सरोज मिश्रा, अशोक गुप्ता, शंकरी साहा, मंहगू सिंह, शंकर चौधरी, सुरेश सिंह, श्रीराम शर्मा, सुशांत कानारार, हेमंत शर्मा, अमर चौधरी, बबलू सिंह उपस्थित हुए। सभी लोगों ने एक साथ समर्थन देते हुए कहा कि किसी भी शर्त पर निष्कासित किए गए कर्मचारियों को जल्द ही ज्वाइन करवाना पड़ेगा। कार्यक्रम में सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष श्रमिक नेता संतोष सिंह ने किया। संगठन द्वारा लगातार प्रयास के वावजूद भी मैंनेजमेट की ओर से आपसी सहमति नहीं बन रही हैं।

## युवक ने डॉक्टर की चाकू मारकर हत्या की, थाने में किया आत्मसमर्पण

**बर्दवान :** एक युवक पर चैंबर में घुसकर एक डॉक्टर की हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के तुरंत बाद, आरोपी युवक खुद थाना गया और सरेंडर कर दिया। इसके बाद, मामला सामने आया। यह घटना मंगलवार की दोपहर बर्दवान के बादामतला इलाके में हुई। सूत्रों के अनुसार, मृतक डॉक्टर का नाम राजा भौमिक है। वह बाबुरबाग कालीतला इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जीवन रुइदास है। वह शक्तिगढ़ के अमरा इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि इस दिन, दोपहर में जीवन अचानक बर्दवान थाने पहुंचा। उस समय, थाने में ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी को शुरू में लगा कि जीवन शायद डायरी लिखवाने आया होगा। लेकिन अचानक जीवन ने दावा किया कि उसने एक डॉक्टर की हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारी हैरान रह गए। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, पुलिस कर्मियों ने तुरंत जीवन को बादामतला इलाके में डॉक्टर के चैंबर में ले गए। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने डॉक्टर को चैंबर के फर्श पर खून से लथपथ हालत में पड़ा पाया। पुलिस ने तुरंत उन्हें बचाया और बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। पुलिस ने जीवन को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू की। जीवन ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से अपनी दादी के इलाज के लिए डॉक्टर के पास आ रहा था। उसकी दादी की एक महीने पहले मौत हो गई थी। जीवन ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के गलत इलाज के कारण उसकी दादी की मौत हुई। इसीलिए जीवन ने कथित तौर पर दोपहर में चैंबर में घुसकर तेज हथियार से डॉक्टर की हत्या कर दी। इसके बाद, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि इस घटना के पीछे कोई और कारण तो नहीं है।

## कोलकाता मेट्रो की विभिन्न परियोजनाओं को बजट में मिला आवंटन, निर्माण कार्य को मिलेगी गति



मेट्रो रेलवे बजट की जानकारी देते कोलकाता मेट्रो के जीएम सुभ्रांशु शेखर मिश्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार के बजट में कोलकाता मेट्रो की विभिन्न परियोजनाओं के लिए धनराशि आवंटित की गई है, जिससे शहर में चल रही मेट्रो परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर (ग्रीन लाइन) को इस वर्ष 529 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। यह कॉरिडोर पहले से चालू है और इसमें हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाला देश का पहला अंडरवाटर मेट्रो सेक्शन शामिल है, जो शहर के आईटी और प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों को जोड़ता है। जोका से एस्प्लेनेड तक प्रस्तावित पर्पल लाइन को 906 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं न्यू गरिया को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाली ऑरेंज लाइन के लिए 705.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि परियोजनाओं में प्रगति और तकनीकी बाधाएं दूर होने के साथ भविष्य में और धनराशि जारी की जा सकती है।

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल से आरेडिका के महाप्रबंधक पी. के. मिश्रा की हुई सार्थक चर्चा



**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली (उत्तर प्रदेश) एवं रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला (पंजाब) के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने दिनांक 03 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी से जनभवन, लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात अत्यंत सौहार्दपूर्ण, प्रेरणादायी एवं सार्थक रही। इस अवसर पर महाप्रबंधक मिश्रा ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) द्वारा अब तक निर्मित 15,000 से अधिक अत्याधुनिक रेल कोचों, आरेडिका में पहली बार निर्मित फोर्ज्ड व्हीलों, तथा आरेडिका में निर्मित पहली वंदे भारत ट्रेन के निर्माण, उसकी तकनीकी विशेषताओं एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आरेडिका द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों-जैसे जल संरक्षण, हरित ऊर्जा पहल, सौर ऊर्जा विकास तथा व्यापक वृक्षारोपण अभियान-पर भी प्रकाश डाला। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने बताया कि आरेडिका में भू-जल संरक्षण क्षमता बढ़कर 730 मिलियन लीटर हो चुकी है तथा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर पैनलों की स्थापना से 5.13 मेगावाट की उत्पादन क्षमता प्राप्त की जा चुकी है। इन प्रयासों से भारतीय रेलवे की निर्माण क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रही उल्लेखनीय प्रगति परिलक्षित होती है। इस दौरान मिश्रा ने भारतीय रेलवे के इतिहास पर आधारित अपनी चर्चित पुस्तक 'रेल्स थ्रू राज' की एक प्रति महामहिम राज्यपाल को भेंट की। उन्होंने पुस्तक के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह कृति प्राथमिक ऐतिहासिक स्रोतों पर आधारित है तथा ब्रिटिश काल में भारतीय रेलवे के विकास को वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तथ्यात्मक विश्लेषण के साथ प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक सामान्य पाठकों के साथ-साथ इतिहास एवं रेलवे विषयक शोधकर्ताओं के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। इस सुखद भेंट के दौरान माननीय राज्यपाल महोदया ने जनभवन में स्थापित 'आदर्श माध्यमिक विद्यालय' के विद्यार्थियों द्वारा गठित 'जनभवन बैंड' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनभवन में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा इन बच्चों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ये विद्यार्थी अत्यंत अनुशासित एवं दक्ष बने। उल्लेखनीय है कि जनभवन बैंड ने पिछले तीन वर्षों से लगातार 26 जनवरी की परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सराहना अर्जित की है।

## समुद्रगढ़ में मशीन में मफलर फंसने से आदमी की मौत

**पूर्व बर्दवान :** एक इलेक्ट्रिक सरसों पीसने वाली मशीन के पहिये में मफलर फंसने से एक आदमी की अजीब मौत हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना मंगलवार की सुबह पूर्व बर्दवान जिले के समुद्रगढ़ में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान सिराजुल मंडल (62) के रूप में हुई है। वह समुद्रगढ़ के सिद्देपारा इलाके में रहता था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सिराजुल समुद्रगढ़ स्टेशन के पास कृषक बाजार इलाके में एक इलेक्ट्रिक सरसों मिल में काम करता था। मंगलवार सुबह वह हमेशा की तरह सरसों पीस रहा था। उसी समय, उसके गले में लटका स्कार्फ किसी तरह मशीन में फंस गया। पल भर में ही वह अपना संतुलन खो बैठा और गिर गया। सिराजुल के शरीर का एक हिस्सा मशीन में फंस गया। सिराजुल के साथियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद बिजली काट दी गई और मशीन बंद कर दी गई। फिर उन्होंने सिराजुल को बचाने की कोशिश की। लेकिन तब तक सिराजुल के शरीर का एक हिस्सा बुरी तरह से घायल हो चुका था। शरीर मशीन में फंसने के कारण सिराजुल के गले और गर्दन का एक बड़ा हिस्सा शरीर से अलग हो गया था। जब सिराजुल को अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिराजुल के साथियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नादनघाट पुलिस स्टेशन मौके पर पहुंची। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस घटना से इलाके में मातम छा गया है।

## शीतला माता स्नान यात्रा में सेवा, करुणा और मानवता की अनूठी मिसाल

**हावड़ा, समाज्ञा :** शीतला माता स्नान यात्रा के पावन अवसर पर पुअर ह्यूमन ट्रस्ट द्वारा एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। आस्था और सेवा से जुड़े इस जनहितकारी प्रयास में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इस सेवा कार्य में श्री जलेश्वर महादेव बाबा मंदिर सेवा समिति, स्थानीय यंग बॉयज तथा समैरिटन हेल्प मिशन का विशेष सहयोग रहा। इन संस्थाओं ने आवश्यक चिकित्सकीय सहयोग उपलब्ध कराकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण इस महापर्व में दूर-दराज़ से आए लाखों श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक दवाइयों की



निःशुल्क व्यवस्था की गई। लंबी यात्रा और तेज धूप से थके श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पानी, बिस्कुट, केक, चिप्स, नारियल और डाब (नारियल पानी) सहित अन्य आवश्यक सामग्री का भी निःशुल्क वितरण किया गया। इससे श्रद्धालुओं के चेहरों पर संतोष और सुकून साफ झलकता दिखाई दिया। इस वर्ष आयोजित शीतला माता स्नान यात्रा में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुअर ह्यूमन ट्रस्ट का यह सेवा कार्य केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक दायित्व का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने ट्रस्ट तथा सभी सहयोगी संस्थाओं के इस निस्वार्थ प्रयास की सराहना की।

# बिहार सरकार ने पेश किया 3.47 लाख करोड़ रुपये का बजट, 14.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान



- बजट आकार में 30,694 करोड़ रुपये की वृद्धि
- ग्रामीण विकास को सबसे अधिक 18.33% आवंटन शिक्षा
- स्वास्थ्य और शहरी विकास पर भी जोर
- 1.56 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता

**पटना:** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। सरकार ने दावा किया है कि राज्य तेजी से विकास की राह पर है और चालू वित्त वर्ष में बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 14.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए बजट का कुल आकार 3,47,589.78 करोड़ रुपये है, जो पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के 3,16,895.02 करोड़ रुपये की तुलना में 30,694.74 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य का अनुमानित राजकोषीय घाटा लगभग 39,400 करोड़ रुपये रहेगा, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.99 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार की सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को राज्य के समावेशी विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार को कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लाभ मिला है, जिनमें नए हवाई अड्डों का निर्माण, मखाना बोर्ड की स्थापना और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का विकास शामिल है। सरकार ने महिला सशक्तीकरण को भी बजट का प्रमुख आधार बताया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 1.56 करोड़ महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की सहायता दी जा चुकी है। सरकार का कहना है कि जिन महिलाओं ने इस राशि से स्वरोजगार शुरू किया है, उन्हें आगे दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना को हाल के विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सफलता का अहम कारण भी माना जा रहा है। बजट में वार्षिक योजना परिव्यय करीब 1.22 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। इसमें ग्रामीण विकास विभाग को 18.33 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक आवंटन मिला है। इसके बाद शिक्षा को 15.02 प्रतिशत, स्वास्थ्य क्षेत्र को 8.21 प्रतिशत, शहरी विकास एवं आवास को 7.77 प्रतिशत, ग्रामीण कार्य विभाग को 7.29 प्रतिशत और सामाजिक कल्याण विभाग को 6.86 प्रतिशत हिस्सा दिया गया है। अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के लिए 19,603.02 करोड़ रुपये और जनजातीय उप-योजना के लिए 1,648.41 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के सामाजिक उत्थान के लिए 13,202.38 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। सरकार ने राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत बताया है। वर्ष 2024-25 में राजस्व घाटा जीएसडीपी का मात्र 0.04 प्रतिशत रहा, जबकि राजकोषीय घाटा 4.16 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो तय सीमा से अधिक था। सरकार ने अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पांच लाख करोड़ रुपये का निजी निवेश आकर्षित करने की योजना बनाई है। सरकार का अनुमान है कि वर्ष 2026-27 में राज्य की अपनी राजस्व प्राप्तियां 75,202.98 करोड़ रुपये होंगी, जिसमें कर राजस्व का हिस्सा लगभग 65,800 करोड़ रुपये रहेगा।

### संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है बिहार का बजट : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



बिहार विधानमंडल में वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव द्वारा मंगलवार को पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बजट विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर आधारित इस बजट में सभी क्षेत्रों के साथ-साथ किसानों, उद्यमियों, युवाओं और महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। नीतीश ने कहा कि यह एक संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बजट है।

## बलिया में ससुराल वालों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर महिला ने की आत्महत्या

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 32 वर्षीय एक विवाहित महिला ने कथित रूप से ससुराल वालों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस मामले में महिला के पति सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी ससुर को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार यह घटना जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र के टोलापुर बाजार सुल्तानपुर गांव की है। मनियर थाना क्षेत्र के टुकड़ा नम्बर दो के गोविंदा सिंह ने सोमवार को बांसडीह थाने में तहरीर दी कि उसकी बहन रिंकू सिंह की शादी बांसडीह थाना क्षेत्र के टोलापुर बाजार सुल्तानपुर गांव के चंदन सिंह के साथ दस साल पहले हुई थी। शिकायत के मुताबिक शादी के बाद से ही आए दिन गाली-गलौज और मारपीट कर रिंकू को प्रताड़ित किया जा रहा था। रिंकू (32) ने प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर एक फरवरी को अपने ससुराल के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद शव को छिपाने के लिए शव को सरयू नदी में प्रवाहित कर दिया गया।

## बिहार के पश्चिम चंपारण के एक गांव से लापता पांच लड़कियां नयी दिल्ली से बरामद

**बेतिया:** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के एक गांव से लापता हुई पांच लड़कियों को पुलिस ने नयी दिल्ली से बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ये लड़कियां जिले के कुमारबाग थानाक्षेत्र के लखौरा गांव से सोमवार को लापता हो गई थीं। सदर-एक के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) विवेक दीप ने बताया, जांच में हमें इन लड़कियों के नयी दिल्ली में होने का पता चला। उन्हें बरामद कर उनके परिवारजनों के हवाले कर दिया गया है। सोमवार की शाम हमें सूचना मिली थी कि लखौरा गांव के वार्ड संख्या आठ से पांच लड़कियां लापता हो गई हैं। उन्होंने बताया कि परिजनों के अनुसार, सभी लड़कियां सोमवार सुबह घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। एक लड़की की मां निक्की देवी ने कहा, जब वे देर शाम तक घर नहीं लौटीं तो हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी लड़कियों को एक साथ देखा गया था और उनमें से कुछ के पास कपड़े एवं अन्य सामान भी थे।

## तोगड़िया ने असम में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण की मांग की

**गुवाहाटी:** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (एएचपी) के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने असम में अवैध बांग्लादेशियों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण की मंगलवार को मांग की। एएचपी अध्यक्ष तोगड़िया ने कहा कि अगर सरकार में इच्छाशक्ति हो, तो चाहे उसका नेतृत्व कोई भी पार्टी कर रही हो, अवैध प्रवासियों का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम मांग करते हैं कि 'मियां' समुदाय के लोगों की नागरिकता पात्रता निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण किए जाएं। 1951 की मतदाता सूची उपलब्ध है। इसके आधार पर वंश का पता लगाया जाए और डीएनए का मिलान किया जाए।' असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों को मियां कहा जाता है, और गैर-बंगाली भाषी लोग आमतौर पर उन्हें बांग्लादेशी प्रवासी मानते हैं।

## रायबरेली में गड्ढे में डूबने से चार साल के बच्चे की मौत

**रायबरेली:** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में घर के बाहर खेलते समय गड्ढे में गिरकर डूबने से चार वर्ष के एक बच्चे की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना जिले के ऊंचाहार के डिहवा मजरे कंदरावा गांव की है। घर के आस-पास किसी के नहीं होने के कारण बच्चे के गड्ढे में गिरने की जानकारी किसी को नहीं हो सकी। काफी देर तक जब बच्चा नहीं दिखा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। गड्ढे से बच्चे को निकालकर अस्प-ताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## न्यूज अपडेट

### ज्ञानवापी वजूखाना के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई मंगलवार को टाल दी और अगली तिथि 10 मार्च, 2026 निर्धारित की। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल, वाराणसी की एक अदालत में वादकारियों में से एक राखी सिंह की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। अदालत ने कहा, संबंधित पक्षकारों के वकीलों ने बताया कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही है जिसे देखते हुए इस मामले में सुनवाई टाली जाती है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है जिसमें जिला न्यायाधीश ने ज्ञानवापी मस्जिद में वजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग को छोड़कर) का सर्वेक्षण करने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को निर्देश देने से मना कर दिया था। वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी की पूजा अर्चना वाद में शामिल वादकारियों में से एक राखी सिंह ने अपनी इस पुनरीक्षण याचिका में दलील दी है कि न्याय हित में वजूखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण आवश्यक है क्योंकि इससे अदालत को निर्णय पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### राजस्थान : बुजुर्ग महिला की हत्या के बाद पैरों को काटकर चांदी के कड़े ले गए बदमाश

**जयपुर:** राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले में कोड्याई गांव में बदमाशों ने चांदी के कड़ों के लिए एक बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बौंली थाना क्षेत्र के कोड्याई गांव की है। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि कोड्याई गांव निवासी कमला देवी (पत्नी रामनिवास मीणा) जंगल में बकरियां चराने गई थी। उसने सोने के आभूषण सहित पैरों में ढाई किलो चांदी के कड़े पहने हुए थे। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने जंगल में ही गला रेतकर महिला की हत्या कर दी। इसके बाद उसके दोनों पैर काटकर चांदी के कड़े निकाल ले गए। जंगल से गुजर रहे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने गांव की मुख्य सड़क को जाम कर दिया। वहीं, बुजुर्ग महिला के पोते विकास ने बताया कि लुटेरे 25 ग्राम वजनी चांदी की चेन, ढाई किलो चांदी के कड़े, सोने का जंतर, सोने के कुंडल, नथ करीब पांच तोला के गहने लूटकर ले गए हैं।

### झारखंड में गांजा के साथ छह लोग गिरफ्तार

**मेदिनीनगर:** झारखंड के दो जिलों से छह लोगों को 17.50 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है जिनमें से चार लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पलामू में तीन महिलाओं सहित चार लोगों को 8.6 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम ने सोमवार को मधुशाला कॉलोनी के एक घर से गिरफ्तारियां कीं। एसपी रेशमा रामेसन ने बताया कि जब्त किए गए गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग छह लाख रुपये है। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि झारखंड के गोड्डा जिले में महागामा पुलिस थाना क्षेत्र के अमजोरा गांव में छापेमारी के बाद लगभग 6.10 लाख रुपये मूल्य के कुल 8.94 किलोग्राम गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### जाली पासपोर्ट गिरोह मामला : थानाध्यक्ष और आठ दारोगा हटाए गए

**गाजियाबाद (उप्र):** गाजियाबाद पुलिस ने एक फर्जी पासपोर्ट गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद इस मामले में भोजपुर के थानाध्यक्ष और आठ उप निरीक्षकों को हटाकर लाइन हाजिर किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में अब तक एक डाकिये समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने भोजपुर के थानाध्यक्ष सचिन कुमार और आठ उप निरीक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया था जिसके बाद उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष को थाने में पुलिस के कामकाज की खराब निगरानी के आरोप में लाइन हाजिर किया गया है। सक्सेना ने बताया कि थाने के लिपिक दीपक कुमार को ड्यूटी के दौरान पासपोर्ट के सत्यापन के लिए उप निरीक्षकों की डिजिटल आईडी का गलत इस्तेमाल करने के आरोप में निलंबित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में जारी किए गए पासपोर्ट से जुड़े लगभग 30 मोबाइल नंबरों की भी जांच की जा रही है। संदेह है कि ये नंबर एजेंटों, पुलिस कर्मियों और डाक विभाग के कर्मचारियों के हैं। यह मामला पिछले साल दिसंबर में तब सामने आया था जब क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने संदिग्ध आवेदनों की तरफ पुलिस का ध्यान दिलाया। उनमें एक ही पते और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करके कई पासपोर्ट जारी किए गए थे।

## वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित हुआ भारत: नड्डा



**लखनऊ:** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि भारत आज एक वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने मंगलवार को यहां वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के समागम 'उत्तर प्रदेश दवा सम्मेलन - एक' को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'भारत आज एक वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है और देश दुनिया की लगभग 30 प्रतिशत जेनरिक दवाएं और लगभग 60 प्रतिशत तक वैश्विक वैक्सीन मांग की आपूर्ति करता है। हमारे दवा उत्पाद 200 से अधिक देशों में निर्यात होते हैं।' नड्डा ने कहा, ''आज इस दवा सम्मेलन में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत अपने विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण और निर्णायक चरण पर खड़ा है।' उन्होंने कहा, 'पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर उत्पादन और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर मजबूत कदम बढ़ाया है।'

## उत्तर प्रदेश दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के आयोजन उत्तर प्रदेश दवा सम्मेलन - एक' की शुरुआत की। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के व्यापक संसाधन और संभावनाओं को गिनाते हुए कहा, ''हमारे पास राष्ट्रीय स्तर की चार प्रयोगशालाएं मौजूद हैं। तमाम केन्द्र पहले से मौजूद हैं और उत्तर प्रदेश दवा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। सबसे बड़ा कार्यबल भी राज्य में मिल सकता है।' योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की अपराध के प्रति 'जीरो-टॉलरेंस' नीति के कारण राज्य दंगों, जबरन वसूली और अराजकता के केंद्र से बदलकर निवेश के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक जगह बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' राज्य नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा राज्य बन गया है जहां कानून का राज है और कोई राजनीतिक दखल नहीं है।




## काजी का न्याय और बादशाह

डा बच्चन पाठक सलिल



गयासुद्दीन एक नेक बादशाह था। उसके राज्य में सबको न्याय मिलता था। उसने काजी को कह दिया था कि इंसाफ के मामले में छोटे-बड़े सबको बराबर समझा जाय।

एक बार गयासुद्दीन तीरंदाजी का अभ्यास कर रहा था। गलती से उसका तीर एक धोबन के पति को लग गया। धोबी घायल हो गया। धोबन ने काजी के पास मुकदमा कर दिया बादशाह के खिलाफ। लोग हंसने लगे और बोले- 'यह धोबन जीवन भर जेल में सड़ेगी।'

काजी ने अभियोग सुना। उसने गंभीर होकर चौकीदार से कहा- 'दरबार में जाओ और चिल्लाकर कहो कि काजी ने गयासुद्दीन को जाहिर होने का हुक्म दिया है।

चौकीदार डरते-डरते गया। उसने चिल्लाकर कहा-गयासुद्दीन ने एक निरपराध को तीर मारा है। उसे हुक्म दिया गया है कि काजी की अदालत में हाजिर हो।

दरबार में सन्नाटा छा गया। सिप-हसालार ने कहा-काजी पागल हो गया है। उसे पकड़ कर यहां बुलाता हूं।

बादशाह ने सिपहसालार को मना कर दिया और नंगे पांव काजी की अदालत में पहुंचा।

काजी ने पूछा- 'क्या अभियोग सही है?

गयासुद्दीन ने 'कहा-सही है। इसकी क्या सजा होगी?'

काजी ने कहा 'अभियोग मान लेने पर अपराध कम हो जाता है। घायल धोबी की चिकित्सा करानी होगी और एक सौ मुहरें दंड में उसे देना होगा। न मानने पर पचास कोड़े लगाये जायेंगे।

गयासुद्दीन ने कहा-हुजूर, मैं धोबी का पहले से ही इलाज करा रहा हूं। उसे एक सौ मुहरें दे दी गई हैं। ठीक होने पर उसे नौकरी भी दे दी जायेगी।

धोबन ने कहा- 'हां, ये सब बातें हो गयी हैं। मैंने मुकदमा कल किया था। रात को ही बादशाह के आदमी मुहरें दे गये और शाही हकीम इलाज कर रहे हैं।

अब काजी अपनी जगह से नीचे आया और उसने बादशाह को सलाम किया। बेअदबी के लिए माफी मांगी।

बादशाह ने कहा-मैं तुमसे खुश हूं। अगर तुम ठीक इंसाफ नहीं करते तो देखो, यह कटार लाया था। तुम्हारी हत्या कर देता।'

काजी ने अपने चोंगे से एक कोड़ा निकाला और बोला- 'अगर आप दंड स्वीकार नहीं करते तो मैंने यह कोड़ा रखा था। स्वयं कोड़े लगाता।' काजी ने फिर माफी मांगी।

बादशाह ने काजी को गले लगा लिया। बोले 'न्याय के दरबार में सब बराबर हैं। मुझे आप जैसे काजी पर अभिमान है। आपको एक ऊंट और सौ मुहरें इनाम में दे रहा हूं।

काजी ने फिर कोर्निश की। आज भी कुछ लोग न्यायालय में जाने पर छोटे-बड़े का भेद उठाते हैं। गयासुद्दीन की यह कथा आज भी राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरक है। (उर्वशी)

## कीचू कछुए की उसकी बहन से हुई लड़ाई



एक बार ढोलकपुर जंगल में कीचू कछुआ उदा स होकर बैठा हुआ था। तभी वहाँ पर गज्जू हाथी आया और उसने कीचू कछुए से पूछा, कीचू कछुए क्या हुआ तुम्हें। तुम यहाँ अकेले उदास होकर क्यों बैठे हो। गज्जू हाथी को देख कीचू कछुआ बोला, अरे गज्जू दादा क्या बताऊँ, बहुत दुखी हूँ मैं। हर समय बस मुझे मेरी माँ से डांट पड़ती रहती है। आप तो मेरी छोटी बहन कीची को जानते ही हैं। हर समय लड़ती रहती है। पहले तो मेरा सामान लेती है उसके बाद मुझे मेरे ही सामान के साथ खेलने नहीं देती है। अगर मैं ज्यादा देर टीवी देख लूँ तो सीधे जाकर माँ को शिकायत कर देती है। माँ भी उसी की बात मानती हैं और टीवी बंदकर मुझे पढ़ने के लिए कहती हैं। आज जब उसने मेरा फिर से सामान लिया तो मुझसे रहा नहीं गया और मैंने उसे बहुत जोर से थप्पड़ मार दिया। और फिर बस करो, कीचू कछुए अब मैं समझ गया कि तुम आखिर दुखी होकर यहाँ क्यों बैठे हो। तुमने अपनी बहन को मारा इस वजह से तुम्हें अपनी माँ से मार पड़ी और तुम अब यहाँ।। हाँ तो कीचू कछुए मैं तो तुमको यही बोलूँगा कि तुम बड़े हो, समझदार हो। तुम्हें अपनी बहन के साथ अच्छे से रहना चाहिए। उसे प्यार करना चाहिए। एक बात हमेशा याद रखना कीचू कछुए, चाहे हम जितना भी लड़ लें अपने भाई-बहन से लेकिन हमारे मुश्किल समय में सबसे पहले यहीं हमें बचाते हैं। इतना कह कर गज्जू हाथी वहाँ से चला जाता है।

इधर कीचू कछुआ अपना मुहँ फुलाते हुए घर के लिए निकलता है। तभी सामने से आ रही चम्पा लोमड़ी कीचू कछुए को खाने के लिए दौड़ती है, लेकिन कीचू कछुआ उसे देख नहीं पता क्योंकि वो तो गुस्से में अपने घर जा रहा था। लेकिन तभी कीचू कछुए कि बहन वहाँ पहुँच जाती है और जोर-जोर से चिल्लाती है भाई-भाई जल्दी वहाँ से हटो। देखो तुम्हारे सामने चम्पा लोमड़ी आ रही है तुम्हें पकड़ने। अपनी छोटी बहन कि आवाज सुन कर कीचू कछुआ जल्दी-जल्दी भागने लगता है और फिर एक पेड़ के अंदर जाकर छिप जाता है। जब बहुत देर हो जाती है और कीचू कछुआ पेड़ से बाहर नहीं आता है तो चम्पा लोमड़ी वहाँ से चली जाती है। चम्पा लोमड़ी के जाते ही कीचू कछुआ वहाँ से निकलता है और सीधे अपने घर पहुंचता है। घर जाकर अपनी छोटी बहन को गले लगाता है और उससे कहता है मुझे माफ कर दो। आज तुमने मुझे बचा लिया। गज्जू हाथी ने बिल्कुल सही कहा था। मुसीबत के समय हमारे अपने ही हमें बचाते हैं। आज से मैं तुमसे वायदा करता हूँ कि अब मैं कभी भी तुमसे नहीं लड़ूँगा। तुमको खूब प्यार से रखूँगा। कीचू कछुए की बात सुन कर उसकी बहन कहती है, अच्छा तो फिर तुम्हारा सबसे प्यारा खिलौना मैं ले सकती हूँ क्या। इसके बाद दोनों भाई-बहन मिल कर जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

**मोरल- हमें आपस में कभी नहीं लड़ना चाहिए। हमेशा मिल-जुल कर रहना चाहिए।**

## टिटिहरी का जोडा.और समुद्र का अभिमान



समुद्रतट के एक भाग में एक टिटिहरी का जोडा.रहता था। अंडे देने से पहले टिटिहरी ने अपने पति को किसी सुरक्षित प्रदेश की खोज करने के लिये कहा। टिटिहरे ने कहा - यहां सभी स्थान पर्याप्त सुरक्षित हैं, तू चिन्ता न कर।

टिटिहरी - समुद्र में जब ज्वार आता है तो उसकी लहरें मतवाले हाथी को भी खींच कर ले जाती हैं, इसलिये हमें इन लहरों से दूर कोई स्थान देख रखना चाहिये।

टिटिहरा - समुद्र इतना दु:साहसी नहीं है कि वह मेरी सन्तान को हानि पहुँचाये। वह मुझ से डरता है। इसलिये तू नि:शंक होकर यहीं तट पर अंडे दे दे।

समुद्र ने टिटिहरे की ये बातें सुनलीं। उसने सोचा - यह टिटिहरा बहुत अभिमानी है। आकाश की ओर टांगें करके भी यह इसीलिये सोता है कि इन टांगों पर गिरते हुए आकाश को थाम लेगा। इसके अभिमान का भंग होना चाहिये। यह सोचकर उसने ज्वार आने पर टिटिहरी के अंडों को लहरों में बहा दिया।

हरी जब दूसरे दिन आई तो अंडों को बहता देखकर रोती-बिलखति टिटिहरे से बोली - मूर्ख ! मैंने पहिले ही कहा था कि समुद्र की लहरें इन्हें बहा ले जायंगी। किन्तु तूने अभिमानवश मेरी बात पर ध्यान नहीं दिया। अपने प्रियजनों के कथन पर भी जो कान नहीं देता उसकी दुर्गति होती ही है।

इसके अतिरिक्त बुद्धिमानों में भी वही बुद्धिमान सफल होते हैं जो बिना आई विपत्ति का पहले से ही उपाय सोचते हैं, और जिनकी बुद्धि तत्काल अपनी रक्षा का उपाय सोच लेती है। 'जो होगा, देखा जायगा' कहने वाले शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं।

यह बात सुनकर टिटिहरे ने टिटिहरी से कहा - मैं 'यद्भविष्य' जैसा मूर्ख और निष्कर्म नहीं हूँ। मेरी बुद्धि का चमत्कार देखती जा, मैं अभी अपनी चोंच से पानी बाहिर निकाल कर समुद्र को सुखा देता हूँ।

टिटिहरी - समुद्र के साथ तेरा वैर तुझे शोभा नहीं देता। इस पर क्रोध करने से क्या लाभ ? अपनी शक्ति देखकर हमे किसी से बैर करना चाहिये। नहीं तो आग में जलने वाले पतंगे जैसी गति होगी।

टिटिहरा फिर भी अपनी चोंचों से समुद्र को सुखा डालने की डींगें मारता रहा। तब, टिटिहरी ने फिर उसे मना करते हुए कहा कि जिस समुद्र को गंगा-यमुना जैसि सैंकड़ों नदियां निरन्तर पानी से भर रही हैं उसे तू अपने बूंद-भर उठाने वाली चोंचों से कैसे खाली कर देगा ?

टिटिहरा तब भी अपने हठ पर तुला रहा। तब, टिटिहरी ने कहा - यदि तूने समुद्र को सुखाने का हठ ही कर लिया है तो अन्य पक्षियों की भी सलाह लेकर काम कर। कई बार छोटे 2 प्राणी मिलकर अपने से बहुत बड़े जीव को भी हरा देते हैं; जैसे चिड़िया, कठफोड़े और मेंढक ने मिलकर हाथी को मार दिया था।

टिटिहरा - अच्छी बात है। मैं भी दूसरे पक्षियों की सहायता से समुद्र को सुखाने का यत्न करूँगा।

यह कहकर उसने बगुले, सारस, मोर आदि अनेक पक्षियों को बुलाकर अपनी दुःख-कथा सुनाई। उन्होंने कहा - हम तो अशक्त हैं, किन्तु हमारा मित्र गरुड़ अवश्य इस संबन्ध में हमारी सहायता कर सकता है।' तब सब पक्षी मिलकर गरुड़ के पस जाकर रोने और चिल्लाने लगे - गरुड़ महाराज ! आप के रहते हमारे पक्षिकुल पर समुद्र ने यह अत्याचार कर दिया। हम इसका बदला चाहते हैं। आज उसने टिटिहरी के अंडे नष्ट किये हैं, कल वह दूसरे पक्षियों के अंडों को बहा ले जायगा। इस अत्याचार की रोक-थाम होनी चाहिये। अन्यथा संपूर्ण पक्षिकुल नष्ट हो जायगा।

गरुड़ ने पक्षियों का रोना सुनकर उनकी सहायता करने का निश्चय किया। उसी समय उसके पास भगवान् विष्णु का दूत आया। उस दूत द्वारा भगवान विष्णु ने उसे सवारी के लिये बुलाया था। गरुड़ ने दूत से क्रोधपूर्वक कहा कि वह विष्णु भगवान को कह दे कि वह दूसरी सवारी का प्रबन्ध कर लें। दूत ने गरुड़ के क्रोध का कारण पूछा तो गरुड़ ने समुद्र के अत्याचार की कथा सुनाई।

दूत के मुख से गरुड़ के क्रोध की कहानी सुनकर भगवान विष्णु स्वयं गरुड़ के घर गये। वहाँ पहुँचने पर गरुड़ ने प्रणामपूर्वक विनम्र शब्दों में कहा - भगवन् ! आप के आश्रम का अभिमान करके समुद्र ने मेरे साथी पक्षियों के अंडों का अपहरण कर लिया है। इस तरह मुझे भी अपमानित किया है। मैं समुद्र से इस अपमान का बदला लेना चाहता हूँ।

भगवान विष्णु बोले - गरुड़ ! तुम्हारा क्रोध युक्तियुक्त है। समुद्र को ऐसा काम नहीं करना चाहिये था। चलो, मैं अभी समुद्र से उन अंडों को वापिस लेकर टिटिहरी को दिलवा देता हूँ। उसके बाद हमें अमरावती जाना है।

तब भगवान ने अपने धनुष पर 'आग्नेय बाण को चढ़ाकर समुद्र से कहा -दुष्ट ! अभी उन सब अंडों को वापिस देदे, नहीं तो तुझे क्षण भर में सुखा दूंगा। भगवान विष्णु के भय से समुद्र ने उसी क्षण अंडे वापिस दे दिये।

## पिछले सात वर्ष में 7,400 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया: सरकार ने लोकसभा को बताया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि 2019 से अब तक 7,400 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 5,880 ने आत्मसमर्पण किया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 2025 में, सुरक्षा बलों ने 364 नक्सलियों को मार गिराया, 1,022 को गिरफ्तार किया और 2,337 का आत्मसमर्पण कराया। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से होने वाली हिंसा की घटनाओं में 2010 से 2025 तक 88 प्रतिशत की कमी आई है। राय ने लिखित उत्तर में कहा कि वामपंथी उग्रवाद, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती रहा है, हाल के दिनों में इस पर काफी हद तक काबू पाया गया है और यह सिर्फ कुछ इलाकों तक सीमित रह गया है।

## अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में आत्मसमर्पण करें: दिल्ली उच्च न्यायालय



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में चार फरवरी तक जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि यादव का आचरण निंदनीय है क्योंकि उन्होंने अदालत को दिए गए उस वचन का बार-बार उल्लंघन किया है जिसमें उन्होंने शिकायतकर्ता मेसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को राशि चुकाने की बात कही है। न्यायाधीश ने कहा कि यादव को उनके खिलाफ सात मामलों में से प्रत्येक में 1.35 करोड़ रुपये का भुगतान करना था, और निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के पास पहले से जमा राशि शिकायतकर्ता के पक्ष में जारी की जाए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अक्टूबर 2025 में 75 लाख रुपये के दो डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) रजिस्ट्रार जनरल के पास जमा किए गए थे और नौ करोड़ रुपये की राशि अब भी देय थी।

## सीमावर्ती क्षेत्र में लोगों को उकसाने पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया: केंद्र ने न्यायालय को बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्र और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को सीमावर्ती क्षेत्र में लोगों को उकसाने को लेकर हिरासत में लिया गया था। वांगचुक की हिरासत को उचित ठहराते हुए, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ को बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत का आदेश देते समय सभी प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का पालन किया गया था। मेहता ने पीठ को बताया, ''यह अदालत एक ऐसे व्यक्ति के मामले की सुनवाई कर रही है जो पाकिस्तान और चीन से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में लोगों को उकसा रहा है और जहां क्षेत्रीय संवेदनशीलता है।''

## नायडू ने 24 घंटों के भीतर 4,000 ई-साइकिल वितरित करके 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड बनाया

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 24 घंटे के भीतर लगभग 4,000 'सुपर साइकिल' (ई-साइकिल) वितरित कर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री ने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र कुप्पम के हालिया दौरे में वितरण के लिए निर्धारित कुल 5,555 ई-साइकिलों में से 3,742 साइकिल मात्र 24 घंटे के भीतर वितरित कीं। इस संबंध में मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, '' महिला सशक्तीकरण और सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 31 जनवरी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया।

# बिरला को राहुल का पत्र: सरकार के इशारे पर आपने बोलने से रोका, यह लोकतंत्र पर काला धब्बा

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सरकार के इशारे पर खुद को सदन में बोलने से रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर काला धब्बा है। उन्होंने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष और प्रत्येक सदस्य का बोलने का अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है, लेकिन इन बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों को दरकिनार किए जाने के कारण एक अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है। सदन में गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर



आधारित लेख का हवाला देकर चीन का विषय उठाने का प्रयास किया, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। हालांकि उन्होंने इस लेख को सत्यापित किया और सदन के पटल पर रखा। पत्र में राहुल गांधी ने कहा, ''सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आपने मुझे उस पत्रिका के लेख को सत्यापित करने का निर्देश दिया था, जिसका मैं उल्लेख करना चाहता था। आज जब मैंने अपना भाषण फिर से शुरू किया, तो मैंने उस दस्तावेज़ को सत्यापित कर दिया।'' उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से चली आ रही परंपरा और पूर्व अध्यक्षों के बार-बार दिए गए निर्णयों के अनुसार, यदि कोई सदस्य सदन में किसी दस्तावेज़ का उल्लेख करना चाहता है, तो उसे पहले उसे सत्यापित करना होता है और सामग्री की ज़िम्मेदारी लेनी होती है।

### राहुल ने लोकसभा में चीन का मुद्दा उठाने का फिर प्रयास किया, लेख को सत्यापित किया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित एक लेख का हवाला देते हुए मंगलवार को लोकसभा में एक बार फिर चीन के साथ सैन्य टकराव का मुद्दा उठाने का प्रयास किया, जिसके बाद सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिला। हंगामे के कारण पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी को सदन की कार्यवाही दो बजकर 14 मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## 'चिकन नेक' के साथ भूमिगत रेल लिंक पूर्वोत्तर के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करेगा : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 'चिकन नेक' गलियारे के साथ प्रस्तावित भूमिगत रेल लिंक पूर्वोत्तर को जोड़ने वाला एक सुरक्षित परिवहन मार्ग सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि 1971 के बाद इस संकरी पट्टी की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना चाहिए था। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है। दशकों से 'चिकन नेक' का इस्तेमाल हमारी सीमाओं के भीतर और बाहर दोनों जगह राष्ट्र-विरोधी ताकतों द्वारा डराने-धमकाने की रणनीति के रूप में किया जाता रहा है। उन्होंने बताया, प्रस्तावित भूमिगत रेल लिंक एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सफलता है, जो पूर्वोत्तर और देश के शेष भाग के बीच एक सुरक्षित व पुख्ता परिवहन गलियारा तैयार करेगी। रेल



मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा था कि 40 किलोमीटर लंबे रणनीतिक गलियारे के साथ भूमिगत रेलवे ट्रैक बिछाने और मौजूदा ट्रैक को चार लेन का बनाने की योजना पर काम जारी है। यह रणनीतिक गलियारा, जिसे अपनी आकृति के कारण 'चिकन नेक' कहा जाता है, पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी क्षेत्र में स्थित एक भू-खंड है, जिसकी चौड़ाई 20 किलोमीटर से अधिक है। यह भू-खंड नेपाल और बांग्लादेश के बीच संकुचित है, जबकि भूटान और चीन इससे कुछ सौ किलोमीटर दूर है। शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वैष्णव को इस फैसले के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, हम इस दीर्घकालिक रणनीतिक कमजोरी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह एक ऐसी कमजोरी है जिसे, पीछे मुड़कर देखा जाए तो, बहुत पहले ही सुलझा लिया जाना चाहिए था, शायद 1971 के युद्ध के बाद ही।

## पाकिस्तान और चीन की तरह व्यवहार कर रहे हैं राहुल; ममता को जेल में डाल देना चाहिए : गिरिराज

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे के संस्मरण का हवाला देने के प्रयासों को लेकर



कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और कहा कि वह पाकिस्तान और चीन की तरह व्यवहार कर रहे हैं । सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और कहा कि कोलकाता में हाल ही में आई-पैक के परिसरों से धनशोधन मामले के सबूत कथित तौर पर अपने साथ ले जाने के लिए उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। पीटीआई वीडियो को दिए साक्षात्कार में सिंह ने लोकसभा में राहुल द्वारा भारत-चीन सीमा मुद्दे पर बात करने पर अड़े रहने पर सवाल उठाए और कहा कि संसदीय इतिहास में संभवत: ऐसा पहली बार हुआ है जब एक सदस्य ने लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का पालन करने से इनकार कर दिया। सिंह ने कहा, क्या उनके (राहुल गांधी) एनजीओ को संसद के अंदर और बाहर भारतीय सेना और देश का अपमान करने के लिए चीन से पैसा मिला है? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सदन नियमों, कानूनों और व्यवस्था के तहत चलना चाहिए और लोकसभा अध्यक्ष भी कानून के तहत बाध्य हैं।

## भारत अंतरिक्ष कार्यक्रमों में एक उभरती हुई शक्ति, दुनिया का ध्यान कर रहा है आकर्षित : शुभांशु शुक्ला

**रायपुर :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को कहा कि जटिल मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा करने की क्षमता और महत्वाकांक्षी नीतियों के साथ भारत अंतरिक्ष कार्यक्रमों में एक उभरती हुई शक्ति के रूप में सामने आया है, जिसने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में पेश किए गए केंद्रीय बजट में अंतरिक्ष विभाग के लिए आवंटन में दो प्रतिशत की वृद्धि भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए मजबूत नेतृत्व समर्थन का संकेत है। शुक्ला ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की तीव्र प्रगति और इस क्षेत्र में उभरते करियर के अवसरों के



बारे में बच्चों को सूचित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि जानकारी की कमी युवाओं को अपने भविष्य के रास्ते चुनने में सीमित कर देती है। शुक्ला ने कहा कि बच्चों के लिए यह समझना आवश्यक है कि देश किस दिशा में अग्रसर है और गगनयान जैसे मिशन और भविष्य के चंद्र कार्यक्रम सहित अंतरिक्ष अन्वेषण में क्या कर रहा है। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने पिछले वर्ष जून-जुलाई में 18 दिवसीय मिशन पूरा किया था और वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय हैं। वह मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी में नवा रायपुर के अटल नगर स्थित राखी गांव के एक सरकारी स्कूल में विद्यालयों के लिए 'सिम्युलेटर सहित अंतरिक्ष प्रयोगशाला' का उद्घाटन करने आए थे। शुक्ला ने अंतरिक्ष विज्ञान में वैश्विक स्तर पर भारत की छवि के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वैश्विक मंच पर भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल आधिकारिक दौरे पर सऊदी अरब गए

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सऊदी अरब के दौरे पर हैं। डोभाल रियाद में अपने सऊदी वार्ताकारों के साथ बातचीत करेंगे। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास



ने सोशल मीडिया पर उनके दौरे की घोषणा की। दूतावास ने बताया कि डोभाल आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे हैं। हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत सुहेल एजाज खान और सऊदी अरब के राजनीतिक मामलों के उप मंत्री सऊद अल-साती ने उनका स्वागत किया। साती इससे पहले भारत में सऊदी अरब के राजदूत थे। डोभाल का यह दौरा अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनावपूर्ण संबंधों के कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हो रहा है। अमेरिका ने पहले ही पश्चिम एशिया में अपना सैन्य दबाव बढ़ा दिया है और उसने यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को अरब सागर में तैनात किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए कह रहे हैं।

## भारत ने मिसाइलों के लिए अहम प्रौद्योगिकी एसएफडीआर का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में सहायक होगी और शत्रु पर रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र स्थित चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण



रेंज (आईटीआर) में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एसएफडीआर प्रौद्योगिकी के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग जगत की सराहना की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''इस सफल प्रदर्शन ने भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल कर दिया है जिनके पास यह प्रौद्योगिकी है, जो लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को विकसित करने में सक्षम बनाती है, जिससे प्रतिद्वंद्वियों पर सामरिक बढ़त हासिल होती है। इसमें कहा गया कि नोजल-लेस बूस्टर, एसएफडीआर मोटर और ईंधन प्रवाह नियंत्रक सहित सभी उप-प्रणालियों ने वांछित मैक संख्या तक प्रारंभिक रूप से 'ग्राउंड बूस्टर मोटर' द्वारा संचालित किए जाने के बाद अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। बयान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के तट पर आईटीआर, चांदीपुर द्वारा तैनात कई ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा प्राप्त उड़ान डेटा से प्रणाली के प्रदर्शन की पुष्टि हुई है।

## भारत में एंटीबायोटिक का असर कम होने का मुख्य कारण दवाओं का अंधाधुंध उपयोग है : सरकार

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सरकार ने मंगलवार को बताया वह देश भर में एंटीबायोटिक के असर कम होने के बढ़ते रुझान पर नजर रख रही है तथा एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध और डॉक्टर के पर्चे के बिना इनके उपयोग को इसका एक प्रमुख कारण मान रही है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के माध्यम से औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और इसके नियमों के प्रावधानों के तहत दवाओं की सुरक्षा, प्रभाव क्षमता और गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियमों की अनुसूची एच और एच1 में शामिल किया गया है और इन्हें केवल पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही खुदरा बेचा जा सकता है। जाधव ने कहा, सरकार देश में एंटीबायोटिक का असर कम होने के बढ़ते रुझान से अवगत है, जिसमें निमोनिया/मूत्र मार्ग संक्रमण जैसे संक्रमणों में देखा गया प्रतिरोध भी शामिल है। सरकार ने एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध और बिना डॉक्टर के पर्चे के इनके उपयोग को इसका एक प्रमुख कारण माना है।

## यूपीआई लेनदेन 2025-26 में दिसंबर तक रिकॉर्ड 230 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से रिकॉर्ड 230 लाख करोड़ रुपये तक का लेनदेन हुआ है। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यूपीआई के जरिए लेनदेन तेज गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, घरेलू लेनदेन की बात करें तो वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक कुल 230 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया है, जबकि वर्ष 2022-23 में कुल लेनदेन 139 लाख करोड़ रुपये था। चौधरी ने यह भी जानकारी दी कि यूपीआई का विस्तार अब भारत के बाहर भी हो रहा है और मुद्रा रूपांतरण के बाद, संबंधित देशों के घरेलू कानूनों का पालन करते हुए, इसका उपयोग आठ देशों में किया जा रहा है।

## धर्मशाला में चार महीने से अधिक समय से अवैध रूप से रहने पर एक चीनी नागरिक हिरासत में लिया गया

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के उच्च सुरक्षा वाले मैक्लोडगंज इलाके में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के आवास के पास चार महीने से अधिक समय तक वैध भारतीय वीजा के बिना रहने के आरोप में एक चीनी नागरिक को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस के सुरक्षा विभाग को उस समय संदेह हुआ जब एक विदेशी नागरिक कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कार्यालय में पहुंचा और वह हिंदी या अंग्रेजी में बात नहीं कर पा रहा था, केवल चीनी भाषा (मंदारिन) बोल रहा था। उन्होंने बताया कि तत्काल मैक्लोडगंज थाने को यह सूचना दी गई, जिसके बाद एक जांच दल को घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार पूछताछ के दौरान उस व्यक्ति ने अपना पासपोर्ट प्रस्तुत किया, जिससे उसकी पहचान लू वेनियन (60) के रूप में हुई तथा वह चीन के सिचुआन प्रांत का निवासी है और उसका जन्म 10 मई, 1965 को हुआ था। उसका पासपोर्ट चीन के युन्नान में जारी किया गया था।

## उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड होगा खत्म, अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया गया

**देहरादून :** उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जो इस साल जुलाई में समाप्त होने वाले मदरसा बोर्ड की जगह लेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष सचिव डॉ पराग मधुकर धकाते ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह ने प्राधिकरण का गठन करते हुए उसमें अध्यक्ष समेत 12 सदस्यों को नियुक्त करने की स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि इसमें सभी सदस्य अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। उन्होंने बताया कि इसमें डॉ सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष के रूप में जबकि प्रोफेसर राकेश जैन, डॉ सैय्यद अली हमीद, प्रोफेसर पेमा तेनजिन, डॉ एल्बा मेड्रिले, प्रोफेसर रोबिना अमन, प्रो गुरमीत सिंह, समाज सेवी राजेंद्र बिष्ट और सेवानिवृत अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## न्याय मिलना लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद है: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि न्याय मिलना लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद है और यह एक न्यायसंगत व समानता पर आधारित समाज की मुख्य धुरी के रूप में काम करता है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिंह और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने यह भी कहा कि मध्यस्थता कार्यवाही का सही तरह से चलना विवाद के समाधान के लिए बहुत जरूरी है। पीठ ने कहा कि मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 29ए(5) के तहत मध्यस्थ का कार्यकाल बढ़ाने के लिए दायर आ-वेदन, धारा 29ए(1) और (3) के तहत निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी स्वीकार किया जा सकता है। अधिनियम की धारा 29ए मध्यस्थ के



लिए समयसीमा से संबंधित है। पीठ ने एक कानूनी प्रश्न पर विचार किया कि क्या कोई अदालत अधिनियम की धारा 29ए(5) के तहत मध्यस्थ का कार्यकाल बढ़ाने के लिए आवेदन स्वीकार कर सकती है। इसने जनवरी 2025 के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ की गई अपील पर अपने निर्णय में कहा, न्याय मिलना लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद है और यह एक न्यायसंगत व समानता पर आधारित समाज की मुख्य धुरी के रूप में काम करता है।

## राज्य सरकार के विरोध के बाद जम्मू-कश्मीर में तीन परियोजनाएं स्थगित की गईं: वैष्णव

**श्रीनगर :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से विरोध जताए जाने के चलते केंद्र शासित प्रदेश में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और विपक्षी पीडीपी ने इस फैसले का स्वागत किया है। दोनों दलों का कहना है कि इससे उन किसानों को राहत मिली है, जिनकी जमीन इन परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जानी थी। जम्मू में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में अश्विनी वैष्णव ने कहा, जम्मू-कश्मीर में रेलवे की तीन परियोजनाओं की मांग उठाई गई थी, लेकिन यहां की सरकार और स्थानीय सांसदों ने इनका विरोध किया, क्योंकि सेब के



बागानों को नुकसान पहुंचने की आशंका थी। इन परियोजनाओं पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। हालांकि वैष्णव ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन-सी परियोजनाएं रोकी गई हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इनमें पहलगाम तक प्रस्तावित रेल लिंक भी शामिल है, जिसका नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी दोनों ने विरोध किया था। नेकां ने पहलगाम तक प्रस्तावित रेलवे लाइन को रोकने में महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का आभार व्यक्ति किया। पार्टी ने एक बयान में कहा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और हमारे सांसदों का इस आवश्यक व निर्णायक हस्तक्षेप के लिए आभार, जिसके परिणामस्वरूप अनंतनाग-पहलगाम और अनंतनाग-शोपियां के बीच प्रस्तावित रेलवे परियोजना पर रोक लगा दी गई है। इससे लोगों की आजीविका और बागानों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बयान में कहा गया है, यह सरकार लोगों की चिंताओं पर गौर करती है और उस पर कार्रवाई करती है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष का राज्यसभा से बहिर्गमन

**नयी दिल्ली :** विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और संसद को विश्वास में लेने, सदन के पटल पर इनके पूरे मसौदे रखे जाने तथा इन पर व्यापक चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से वॉकआउट किया। उच्च सदन में शून्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद जब सभापति सी पी राधाकृष्णन ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, उसी समय कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि इस समझौते से जुड़ी जानकारी संसद के बजाय वाशिंगटन से मिल रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर संसद को



विश्वास में लेने, सदन के पटल पर इनके पूरे मसौदे रखे जाने तथा इन पर व्यापक चर्चा की मांग उठाई। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने उनका समर्थन किया। अपनी मांग के समर्थन में विपक्षी सदस्यों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया। तब सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीती देर रात को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में कटौती की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से दी और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ भी की। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है और वह अच्छी बातों में भी बुराई देखने लगा है। उन्होंने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए तैयार है और समझौते का हर छोटा-बड़ा विवरण देने को भी तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वक्तव्य देगी। उन्होंने कहा, लेकिन यह तरीका (हंगामा) लोकतंत्र के लिए घातक है और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा 'इंडी' गठबंधन का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार है।

## आपराधिक मामले में बरी होने पर क्या ईडी चला सकती है मुकदमा, शीर्ष अदालत करेगी पड़ताल

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कानूनी सवाल की पड़ताल करने पर सहमति जताई, जो देशभर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज सैकड़ों धनशोधन मामलों को प्रभावित कर सकता है। अदालत यह तय करेगी कि यदि किसी आरोपी को मूल आपराधिक मामले में बरी कर दिया जाता है तो क्या उसके खिलाफ धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है या नहीं। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस विषय में कई कानूनी उलझनें हैं जिन्हें सुलझाना जरूरी है। पीठ ने वर्ष 2022 में विजय मदनलाल चौधरी मामले में दिए गए फैसले पर भी सवाल उठाया, जिसमें ईडी की गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने अदालत को बताया कि कई मामलों में जब मूल अपराध में आरोपी बरी हो जाते हैं तो पीएमएलए के तहत कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों से जुड़े मामलों में राज्य पुलिस अक्सर ढिलाई बरतती है, जिससे धनशोधन मामलों की जांच प्रभावित होती है। पीठ ने कहा कि किसी आरोपी के मूल अपराध में बरी होने का यह मतलब नहीं है कि अपराध हुआ ही नहीं। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि यदि ईडी की कार्रवाई पूरी तरह मूल अपराध पर निर्भर रहेगी तो गंभीर आर्थिक अपराधों से निपटना मुश्किल हो सकता है। अदालत ने 2023 के पवना दिब्बुर मामले का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि धनशोधन के अपराध में आरोपी होना जरूरी नहीं कि वह मूल या अनुसूचित अपराध में भी आरोपी हो। अदालत इस निष्कर्ष की वैधता पर भी विचार करेगी। शीर्ष अदालत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें आरोपियों ने यह दलील दी है कि मूल अपराध में बरी होने के बाद धनशोधन का मामला स्वतः समाप्त हो जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि वह इस व्यापक कानूनी प्रश्न पर अप्रैल में विस्तृत सुनवाई करेगी और आवश्यकता पड़ने पर मामले को बड़ी पीठ को सौंपा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अदालत ने भारतीय पिकेलबॉल संघ को मान्यता देने के सरकार के फैसले को सही ठहराया

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय पिकेलबॉल संघ (आईपीए) को इस खेल के राष्ट्रीय महासंघ के तौर पर मान्यता देने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय के फैसले को चुनौती देने वाली अखिल भारतीय पिकेलबॉल संघ (एआईपीएल) की याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि अदालत अपने मामलों के विशेषज्ञों द्वारा लिए गए फैसले में दखल देने की इच्छुक नहीं है। दो फरवरी को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति ने कहा कि ऐसे मामलों में अपील पर सुनवाई अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

### टी20 विश्व कप के तीसरे चरण के टिकटों की बिक्री शुरू

**नयी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी टी20 विश्व कप की टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की। इससे पहले 11 दिसंबर 2025 और 14 जनवरी 2026 को शुरुआती दो चरण में टिकटों की बिक्री हुई जो काफी सफल रही। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि नवीनतम चरण प्रशंसकों को दुनिया की शीर्ष टीमों की मौजूदगी वाले इस टूर्नामेंट के दौरान होने वाले मुकाबलों के लिए सीट सुरक्षित करने का एक और मौका देता है। शनिवार से शुरू होने वाला टी20 विश्व कप भारत के कुछ सबसे जाने-पहचाने क्रिकेट स्थलों पर खेला जाएगा जिससे ऐसा माहौल बनेगा जहां प्रशंसक पूरे टूर्नामेंट के दौरान शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और टी20 प्रारूप से जुड़े जज्बे को देख सकेंगे। जैसे-जैसे मेजबान शहरों में तैयारियां आखिरी चरण में पहुंच रही हैं तो बीसीसीआई संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर आयोजन स्थलों की तैयारी, संचालन योजना और मैच के दिन के अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बीसीसीआई को उन मुकाबलों के लिए भी दर्शकों के अच्छी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है जिसमें भारत नहीं खेलेगा।

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत



**हरारे:** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में मैदान में उतरेगी। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम भारत अब तक पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018 और 2022) खिताब जीत चुकी है और रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने की दिशा में एक और कदम बढ़ाने के इरादे से खेलेगी। भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी पांच मैच जीते हैं। सुपर सिक्स चरण में उसने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की थी। हालांकि भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी, क्योंकि अफगान टीम ने भी पांच में से चार मैच जीतकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। भारतीय बल्लेबाजी में विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने भी दो अर्धशतकों के साथ 196 रन बनाए हैं, जबकि ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा ने 172 रन बनाने के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 109 रन की शतकीय पारी खेली थी। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ा है और पांच मैचों में छह विकेट हासिल किए हैं, हालांकि बल्लेबाजी में उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जबकि स्पिनर खिलन पटेल ने पांच मैचों में आठ विकेट लेकर अहम योगदान दिया है। मल्होत्रा भी गेंद और बल्ले दोनों से टीम के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। अफगानिस्तान की टीम भी संतुलित नजर आती है, लेकिन मौजूदा फॉर्म और अनुभव के आधार पर भारतीय टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे से खेला जाएगा।

## टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर प्रसारक पीसीबी के खिलाफ अदालत जा सकते हैं

**कराची / नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के कारण उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने मंगलवार को दी। पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अभी तक उसने इस फैसले के कारणों को औपचारिक रूप से आईसीसी को नहीं बताया है। पीटीआई पहले ही सूत्रों के हवाले से खबर दे चुका है कि आईसीसी पाकिस्तान का सालाना राजस्व हिस्सा (लगभग 3.5 करोड़ डॉलर) रोक सकता है और उसी रकम से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष



मोहसिन नकवी ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार है। पीसीबी के सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा, 'पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर अड़ा रहा तो उसे वित्तीय जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमा भी झेलना पड़ सकता है। इसके अलावा आईसीसी की विवाद निपटान समिति (डीआरसी) में जाने की कोशिश भी शायद नाकाम रहे।' आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो आईसीसी बोर्ड के अपने फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती। पीसीबी के एक अन्य सूत्र ने कहा, सरकार के निर्देश के बावजूद पीसीबी को परेशानी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी इच्छा के अनुसार भारत में नहीं बल्कि तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने सभी मैच खेल रहा है। उन्होंने कहा, 'दूसरी बात यह है कि भारतीय सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन मई में हुए टकराव के बाद भी एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से नहीं रोका है।'

## हार के बावजूद सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे



**मेलबर्न:** कार्लोस अल्काराज़ से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज़ ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

## टी20 विश्व कप में विदेशी टीमों से खेलेंगे भारतीय मूल के क्रिकेटर

**नई दिल्ली:** सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में कई विदेशी टीमों की ओर से भारतीय मूल के क्रिकेटर हिस्सा लेते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच मुकाबला होगा, जिनमें कनाडा, अमेरिका, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात जैसी टीमों में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या काफी अधिक है। कनाडा की टीम में सर्वाधिक 11 भारतीय मूल के खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि अमेरिका में नौ, ओमान और यूएई में सात-सात खिलाड़ी हैं। मुंबई में जन्मे अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर के लिए भारत के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेलना खास अनुभव होगा। भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके नेत्रवलकर ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन कर अमेरिका को सुपर आठ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले नेत्रवलकर इस बार भी प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल भी भारतीय मूल के



खिलाड़ी हैं। आनंद (गुजरात) में जन्मे मोनांक ने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताऊ अर्धशतक लगाया था। वह अपने पूर्व अंडर-19 साथी जसप्रीत बुमराह के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। इटली के तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह की कहानी भी प्रेरणादायक है। फगवाड़ा में जन्मे सिंह 2006 में परिवार के साथ इटली चले गए थे और टेप-बॉल क्रिकेट से करियर शुरू कर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे। कुछ समय पहले तक वे आजीविका के लिए उबर ड्राइवर का काम करते थे। नीदरलैंड के युवा ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त, जिनका परिवार पंजाब से नीदरलैंड गया था, भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के इच्छुक हैं। वहीं गुरदासपुर में जन्मे दिलप्रीत बाजवा कनाडा की कप्तानी करेंगे और लुधियाना के जतिंदर सिंह ओमान टीम का नेतृत्व करेंगे। मेजबान भारत जहां खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा, वहीं विदेशी टीमों में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की मौजूदगी टूर्नामेंट को और दिलचस्प बनाएगी।

## अपने पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है इटली



**बेंगलुरु:** फुटबॉल के लिए मशहूर इटली में क्रिकेट की शुरुआत भले ही 18वीं शताब्दी में हो गई थी, लेकिन यह खेल लंबे समय तक हाशिये पर ही रहा। अब दो सदियों बाद इटली की क्रिकेट टीम अपने पहले टी20 विश्व कप में हिस्सा लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। वेन मैडसन की कप्तानी में टीम शानदार प्रदर्शन का इरादा लेकर टूर्नामेंट में उतरेगी। इटली ने पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में चार विकेट से जीत दर्ज कर टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ पहली जीत हासिल की थी। इस ऐतिहासिक सफलता में सहायक कोच और आयरलैंड के पूर्व स्टार ऑलराउंडर केविन ओब्रायन की अहम भूमिका रही। टीम के मुख्य कोच कनाडा के पूर्व बल्लेबाज जॉन डेविसन हैं, जबकि इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी डौगी ब्राउन भी सहयोगी स्टाफ का हिस्सा हैं। इटली क्रिकेट महासंघ की अध्यक्ष लोरिया हाज़ पाज़ का मानना है कि अनुभवी कोचिंग स्टाफ खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट के दबाव से निपटना सिखा रहा है। टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना इटली क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि रही। टीम ने खिलाड़ियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए दुबई और श्रीलंका में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए।



## मोबाइल, आईटी कंपनियों से बातचीत के बाद आएगी पीएलआई 2.0 योजना: वैष्णव



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने से पहले उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अगले संस्करण के लिए मोबाइल फोन विनिर्माताओं, आईटी फर्म और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनियों के साथ चर्चा कर रही है। पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में, मंत्री ने कहा कि 40,000 करोड़ रुपये की कलपुर्जा योजना और एआई डेटा सेंटर कर छूट सहित नए बजट सुधार, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई और जीसीसी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को एक करोड़ से अधिक नौकरियों के मौजूदा स्तर से काफी आगे बढ़ा देंगे। मोबाइल उत्पादन आधारित प्रोत्साहन(पीएलआई) योजना के लिए सरकार की योजना के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार लगातार विनिर्माताओं के साथ बातचीत कर रही है, और जब भी चीजें अंतिम रूप लेंगी, हम इसे मंत्रिमंडल में ले जाएंगे और चीजों को मंजूरी दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर, मोबाइल और आईटी हार्डवेयर जैसे क्षेत्रों में बजट से पहले ही काफी तैयारी की जा चुकी थी और सभी विनिर्माताओं के साथ निरंतर संवाद जारी है। मंत्री ने कहा कि आज इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी सेवाओं, जीसीसी और संबद्ध उद्योगों में कुल रोजगार एक करोड़ से अधिक है और बजट में घोषित सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और एआई आधारित सेवाओं में रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## स्पाइसजेट की इम्फाल में एंट्री, कोलकाता, गुवाहाटी और मुंबई से शुरू होंगी दैनिक उड़ानें

**गुरुग्राम :** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मणिपुर की राजधानी इम्फाल के लिए अपनी पहली उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। इस नई पहल के साथ पूर्वोत्तर भारत में हवाई संपर्क को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एयरलाइन 10 फरवरी 2026 से कोलकाता, गुवाहाटी और मुंबई से इम्फाल के लिए दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। इन उड़ानों में बोइंग 737 विमान का उपयोग किया जाएगा। नई सेवाओं से यात्रियों को बेहतर और विश्वसनीय कनेक्टिविटी मिलेगी। कोलकाता और गुवाहाटी से इम्फाल के लिए सीधी उड़ान उपलब्ध होगी, जबकि मुंबई से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोलकाता में संक्षिप्त ठहराव के साथ एकल विमान यात्रा की सुविधा मिलेगी, जिससे विमान बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्पाइसजेट के चीफ बिजनेस ऑफिसर देबोजो महर्षि ने कहा कि इम्फाल सेवा की शुरुआत कंपनी के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में विस्तार का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से मणिपुर के लोगों के लिए यात्रा अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनेगी। इम्फाल अपने ऐतिहासिक स्थलों, समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहां कांगला किला, इमा कैथेल बाजार, लोकटक झील और केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख आकर्षण हैं।

### आदित्य बिड़ला कैपिटल का मुनाफा तीसरी तिमाही में 33 प्रतिशत बढ़कर 945 करोड़ रुपये हुआ

**मुंबई :** आदित्य बिड़ला कैपिटल का दिसंबर तिमाही में एकीकृत मुनाफा 33 प्रतिशत बढ़कर 945 करोड़ रुपये हो गया। विविधीकृत आदित्य बिड़ला समूह की वित्तीय सेवा कंपनी ने पिछले साल इसी अवधि में 708 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। एकल आधार पर, समीक्षाधीन तिमाही में गैर-बैंकिंग ऋणदाता का शुद्ध मुनाफा 29 प्रतिशत बढ़कर 772 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि नई श्रम संहिता के लागू होने के कारण उसे 38 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिससे उसके रिपोर्ट किए गए मुनाफे की वृद्धि सीमित हो गई।

# अमेरिकी शुल्क में कटौती से भारत के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा: सीतारमण



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सीतारमण ने 'पीटीआई वीडियो' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मेरी अपेक्षा है कि अब हमारा निर्यात बढ़ेगा। इसके साथ-साथ जिन नए बाजारों तक हमारे निर्यात की पहुंच बनी है, वहां पर भी उनकी गतिविधियां जारी रहेंगी। वित्त मंत्री ने अमेरिकी शुल्क में कटौती पर कहा कि यह फैसला निर्यातकों के लिए एक 'शुभ संकेत' है। उन्होंने कहा कि शुल्क में कटौती से भारतीय उत्पादों की अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत होगी और निर्यातकों पर दबाव कम होगा। पिछले वर्ष अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यात प्रभावित हुआ था। इससे अमेरिका में भारतीय उत्पादों की लागत बढ़ गई, निर्यातकों के मार्जिन घटे और प्रतिस्पर्धा कमजोर पड़ गई थी। खासकर इस्पात, एल्युमिनियम, वस्त्र, इंजीनियरिंग वस्तुओं और कुछ कृषि उत्पादों पर इसका विशेष असर पड़ा था। इस वजह से कई अमेरिकी आयातकों ने आपूर्ति के लिए दूसरे विकल्पों की तरफ रुख कर लिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत से आयात पर शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। इस समझौते के तहत भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार बाधाएं कम करने और रूस के बजाय अमेरिका एवं वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने पर सहमति जताई है। द्विपक्षीय व्यापार समझौता लागू होने पर भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अधिकांश एशियाई देशों के स्तर यानी 15 से 19 प्रतिशत के दायरे में आ जाएगा। सीतारमण ने कहा कि इस समझौते का विस्तृत विवरण जल्द घोषित किया जाएगा, लेकिन शुल्क में की गई कटौती निर्यातकों के लिए एक 'शुभ संकेत' है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में गैर-प्रतिस्पर्धी होने के बाद निर्यातकों द्वारा तलाशे गए नए बाजारों के साथ मिलकर इस फैसले से निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च के मुताबिक, पहले लगाए गए दंडात्मक शुल्कों के कारण अमेरिका के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार अधिशेष सितंबर-दिसंबर, 2025 के दौरान औसतन 2.5 अरब डॉलर प्रति माह घट गया था। कमजोर निवेश धारणा के बीच जुलाई, 2025 से अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से करीब 14 अरब डॉलर की निकासी भी की। संशोधित 18 प्रतिशत शुल्क वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों पर लगाए गए 20 प्रतिशत शुल्क से कम है, जिससे अमेरिकी बाजार में भारत की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता बहाल होने की संभावना है।

### एयर इंडिया के बोइंग 787-7 विमान का ईंधन स्विच 2024 में ही बदला गया था : सूत्र

**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787-8 विमान ड्रीमलाइनर वीटी-एएनएक्स के ईंधन नियंत्रण स्विच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद इसे मूल उपकरण विनिर्माता को जांच के लिए भेजने का निर्णय लिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, प्रभावित स्विच मॉड्यूल का उड़ान के दौरान सिर्फ 3,440 घंटे इस्तेमाल हुआ था और इसे 2024 में ही संबंधित विमान में लगाया गया था। आमतौर पर ईंधन नियंत्रण स्विच की कुल जीवन अवधि 20,000 घंटे होती है। हालांकि, इस बारे में टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयरलाइन की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। यह घटना एक फरवरी को लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरते समय हुई थी। उस समय पायलट ने गौर किया कि स्विच 'रन' स्थिति में भी पूरी तरह लॉक नहीं हो रहा था।

## अदाणी समूह और लियोनार्डो भारत में हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करेंगे

**नयी दिल्ली:** अदाणी समूह और इटली की प्रमुख कंपनी लियोनार्डो ने मंगलवार को भारत में एक एकीकृत हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह कदम 'मेक इन इंडिया' प्रयासों को बढ़ावा देने और देश को अधिक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। यह विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र सैन्य मांगों को पूरा करने और हेलीकॉप्टर उत्पादन में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में इस साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारतीय सशस्त्र बलों की




जरूरतों को लक्षित करेगी, विशेष रूप से लियोनार्डो के उन्नत एडब्ल्यू169एम और एडब्ल्यू109 ट्रेकर हेलीकॉप्टरों के लिए ऐसा किया जाएगा। एक बयान में कहा गया कि यह सहयोग चरणबद्ध स्वदेशीकरण, मजबूत रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षमताओं तथा व्यापक पायलट प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा। भारत में हेलीकॉप्टर की उपलब्धता काफी कम है, जहां देश की जनसंख्या के हिसाब से 250 से भी कम हेलीकॉप्टर हैं। अनुमान है कि देश को अगले 10 वर्षों तक सालाना लगभग 100 हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता होगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अडाणी ने कहा कि वे एक ऐसे विमानन पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहे हैं, जो नागरिक और रक्षा दोनों जरूरतों में राष्ट्र की सेवा करेगा।

## न्यूज अपडेट

### एल कैटरटन को हल्दीराम स्नैक्स फूड में हिस्सेदारी खरीदने के लिए सीसीआई की मंज़ूरी

**नयी दिल्ली:** प्रतिस्पर्धा नियामक सीसीआई ने मंगलवार को वैश्विक निवेश फर्म एल कैटरटन के हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक बयान में कहा, ''प्रस्तावित गठजोड़ में एल-कैटरटन इंडिया फंड द्वारा हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड (टारगेट) की कुछ शेयरधारिता का अधिग्रहण शामिल है।' एल-कैटरटन इंडिया फंड, एल-कैटरटन इंडिया ट्रस्ट की एक योजना है, जो एक सेबी-पंजीकृत वैकल्पिक निवेश कोष है, जो भारत में निवेश करने का काम करता है। हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड (अपने सहयोगियों सहित) देश में पैकेटबंद खाद्य उत्पादों जैसे स्नैक्स, मिठाइयां, खाने योग्य तैयार उत्पाद, डेयरी उत्पाद, बेकरी उत्पाद, चॉकलेट और नॉन-कार्बोनेटेड रेडी-टू-ड्रिंक पेय पदार्थों के निर्माण और बिक्री में लगी हुई है।

### टेस्ला ने भारत में बिक्री बढ़ाने के लिए ईएमआई, प्रोत्साहन योजना शुरू की

**नयी दिल्ली:** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी।

### इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी ने अखबारी कागज की लगातार कमी पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली:** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को देश में अखबारी कागज की कमी पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इस वजह से प्रकाशकों को आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। आईएनएस ने यहां जारी एक बयान में कहा, 'भारत में अखबारी कागज की सालाना खपत लगभग 12 लाख टन है, जबकि इसका घरेलू उत्पादन पांच लाख टन से अधिक नहीं हो पाया है। नतीजतन, भारतीय मिलें अभी कुल मांग का सिर्फ 40 प्रतिशत ही पूरा कर पा रही हैं, जो इस उद्योग को अंदर से कमजोर कर रहा है।' बयान के मुताबिक, उद्योग की मांग और आपूर्ति में यह अंतर दो दशकों से ज्यादा समय से बना हुआ है और अखबारी कागज बनाने की क्षमता में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। आईएनएस ने कहा, 'इस अंतर्निहित कमी के कारण समाचारपत्रों के प्रकाशकों को निर्बाध आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।'

### निजी पीएफ ट्रस्ट के लिए आयकर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाएगा बजट प्रस्ताव: ईपीएफओ

**नयी दिल्ली:** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने भविष्य निधि ट्रस्ट के लिए आयकर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाने के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में रखे गए प्रस्ताव का मंगलवार को स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न नियमों को एक-दूसरे के अनुरूप बनाने और तालमेल बिठाने से हितधारकों के हितों को मजबूती मिलेगी। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि बजट 2026-27 में मान्यता-प्राप्त भविष्य निधि (पीएफ) से जुड़े आयकर ढांचे को कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 और कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के वैधानिक और प्रशासनिक प्रावधानों के अनुरूप कर दिया गया है। बयान के मुताबिक, फिलहाल निजी पीएफ ट्रस्ट को आयकर अधिनियम और ईपीएफ अधिनियम की धारा 17 के तहत छूट की पात्रता में अंतर है। इसके अलावा, आयकर प्रावधानों और ईपीएफओ के तहत अधिसूचित निवेश के तरीके भी अलग हैं, जबकि नियोक्ता के अंशदान की सीमा दोनों कानूनों में समान नहीं है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3493 अंक 303 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in